NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष: 05, अंक:-86, पृष्ठ: 12 | बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# 'संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई'

## मोदी बोले- चाहे प्रतिबंध लगे या साजिश हुई; जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में बुधवार को कहा, "संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता नहीं दिखाई। चाहे प्रतिबंध लगे, या साजिश हुई हो। सभी का मंत्र रहा है कि जो अच्छा है, जो कम अच्छा, सब हमारा है।

उन्होंने इस मौके पर आरएसएस के योगदान को दर्शाने वाला स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक जो लगातार देश सेवा में जुटे हैं। समाज को सशक्त कर रहे हैं, इसकी भी झलक इस डाक टिकट में है। मैं इसके लिए देश को बधाई देता हूं।

**100 साल पहले फ्रर की स्थापना संयोग नहीं था:**

पीएम ने कहा, अन्याय पर न्याय,अंधकार पर प्रकाश की जीत... यह भारतीय संस्कृति के विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 साल पहले फ्रर की स्थापना संयोग नहीं था। ये हजारों साल की परंपरा का पुनरुत्थान था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए नए अवतारों में प्रकट होती है। संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है।



**संघ और स्वयंसेवकों का एक ही उद्देश राष्ट्र प्रथमः** समाज के कई क्षेत्रों में संघ लगातार काम कर रहा है। संघ की एक धारा, बंटती तो गई, लेकिन उनमें कभी विरोधाभास पैदा नहीं हुआ, क्योंकि हर धारा का उद्देश्य, भाव एक ही है, राष्ट्र प्रथम।

अपने गठन के बाद से ही फ्रर विराट उद्देश्य लेकर चला राष्ट्र निर्माण, इसके लिए जो रास्ता चुना। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, जो पद्धति चुनी वह थी शाखा।

**हमें घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रहीः** दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता,डेमोग्राफी में बदलाव के षड्यंत्र जैसी चुनौतियों से हमारी सरकार तेजी से निपट रही है। स्वयंसेवक होने के नाते मुझे खुशी है कि संघ ने इसके लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है। घुसपैठियों से बड़ी चुनौती मिल रही है। हमें इससे सतर्क रहना है।

**देशवासियों को दी महानवमी की शुभकामनाएं**

पीएम मोदी ने समारोह के दौरान कहा, आज महानवमी है। आज देवी सिद्धिदात्री का दिन है। मैं सभी देशवासियों को नवरात्रि की बधाई देता हूं। कल विजयादशमी का महापर्व है- अन्याय पर न्याय की जीत, असत्य पर सत्य की जीत, अंधकार पर प्रकाश की जीत है। विजयादशमी भारतीय संस्कृति के इस विचार और विश्वास का कालजयी उद्घोष है। ऐसे महान पर्व पर 100 वर्ष पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना ये कोई संयोग नहीं था।

# लोन सस्ते नहीं होंगे, क्योंकि महंगाई घटीः आरबीआई

## रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.5% पर बरकरार रखा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लगातार दूसरी बार रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। इसे 5.5% पर जस का तस रखा है। यानी लोन महंगे नहीं होंगे और आपकी एटकभी नहीं बढ़ेगी। इससे पहले अगस्त में हुई मीटिंग में भी इसमें बदलाव नहीं हुआ था।

देश की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 6.8% किया। यह फैसला मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चली मीटिंग में लिया गया। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने आज यानी 1 अक्टूबर को इसकी जानकारी दी।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कमेटी के सभी मेंबर्स ब्याज दरों में स्थिर रखने के पक्ष में थे। जीएसटी में कटौती के बाद महंगाई में कमी के चलते ये फैसला लिया गया। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी आरबीआई जिस रेट पर बैंकों को लोन देता है उसे रेपो रेट कहते हैं। इसमें बदलाव नहीं होने का मतलब है कि ब्याज दरें न तो बढ़ेंगी न घटेंगी।



## बड़ी खुशखबरीः देशभर में घटेगा टोल टैक्स, अगले हफ्ते से नए रेट लागू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** जीएसटी बचत उत्सव के बीच वाहन चालकों को देशभर में टोल टैक्स पर भी छूट मिलने जा रही है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को टोल दरें संशोधित करने के निर्देश दिए हैं।

इस कड़ी में 29 सितंबर को एनएचएआई के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ से जारी पत्र में सभी प्रोजेक्ट डायरेक्टर को अपने अधीन टोल प्लाजा के लिए महंगाई दर वर्ष 2004-05 के बजाय 2011-12 को आधार मानकर नई टोल दरें प्रस्तावित करने को कहा गया है। एनएचएआई नई दरें अगले सप्ताह से लागू करने तैयारी में है।

देशभर में टोल कंपनियां वर्ष 2004-05 को आधार मानकर हर साल एक अप्रैल से नई टोल दरें लागू करती हैं। इस साल भी टोल दरों में 5 से 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी। अब एनएचएआई ने महंगाई के लिए 2004-05 के बजाय 2011-12 को आधार बनाकर नए टोल रेट प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं।



# फिलीपींस में भूकंप ने मचाई तबाही, 69 लोगों की मौत



**मनीला।** फिलीपींस में मंगलवार रात आए 6.7 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। भूकंप की वजह से एक गिरजाघर क्षतिग्रस्त हो गया और कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। भूकंप का केंद्र सेबू प्रांत के बोगो शहर से 17 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में था। सेबू प्रांत के दानबांतायन कस्बे में बिजली आपूर्ति बाधित हुई है, जहां गिरजाघर स्थित है। भूकंप की वजह से अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है, कई लोग घायल भी हुए हैं।

फिलीपींस दुनिया के सबसे अधिक आपदा संभावित देशों में से है। यह प्रशांत महासागर के ₹रिंग ऑफ फायर₹ यानी भूकंपीय भ्रंश रेखाओं के घेरे में आता है। यहां हर साल तूफान और चक्रवात भी आते हैं। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि लोग डरकर घर से बाहर सड़कों पर निकल आए।

आपदा कार्यों से जुड़े अधिकारी रेक्स यगोट ने एसोसिएटेड प्रेस को फोन पर बताया कि बोगो सेबू प्रांत का एक तटीय शहर है जिसकी आबादी लगभग 90,000 है। इस शहर में कम से कम 14 निवासियों की मौत हो गई है। बोगो में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि भूस्खलन और चट्टानों से प्रभावित एक पहाड़ी गांव में मशीनों को पहुंचाने की कोशिश जारी है।

एक अन्य अधिकारी ग्लेन उर्सल ने बताया, ₹बोगो इलाके में आना-जाना मुश्किल है क्योंकि यहां खतरा है।₹ उन्होंने बताया कि कुछ घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। शहर के आपदा कार्यालय की प्रमुख जेम्मा विलामोर ने एपी को बताया कि बोगो के पास मेडेलिन शहर में कम से कम 12 निवासियों की मौत हुई है। कुछ लोगों की मौत सोते समय घरों की छत और दीवारों के गिरने से हुई। हालात को देखते हुए फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान ने सेबू और निकटवर्ती लेयटे और बिलिरन प्रांतों के तटीय क्षेत्रों से लोगों को दूर रहने की सलाह दी।

फिलीपींस के सेबू और अन्य प्रांत अभी भी चक्रवात ह्वबुआलोईह्ल से उबर ही रहे थे कि अब भूकंप ने तबाही मचाई है। तूफन की वजह से फिलीपींस में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई थी। ज्यादातर लोग डूबने और पेड़ गिरने से मारे गए थे। इस तूफान के कारण कई शहरों और कस्बों की बिजली गुल हो गई थी और हजारों लोगों को अपना घर खाली करना पड़ा था।

# भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

## राहुल को जान से मारने की धमकी देने का आरोप



**पटना।** यूथ कांग्रेस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बिहार प्रदेश यूथ कांग्रेस ने पटना के शास्त्री नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बिहार प्रदेश यूथ कांग्रेस के लीगल सेल अध्यक्ष नंद कुमार सागर ने कहा है कि केरल के एक न्यूज चैनल पर लाइव डिबेट के दौरान भाजपा के आधिकारिक प्रवक्ता पिंटू महादेव ने कथित तौर पर राहुल गांधी की छाती में गोली मारने की धमकी दी थी। आवेदन में इस धमकी को एक गंभीर आपराधिक धमकी और हत्या के लिए उकसाना बताया गया है।

इस मामले की जानकारी देते हुए बिहार प्रदेश यूथ कांग्रेस के लीगल सेल अध्यक्ष नंद कुमार सागर ने बताया है कि यह मामला यह मामला 27 सितंबर 2025 का है, जब केरल के एक न्यूज चैनल पर लाइव डिबेट के दौरान भाजपा के आधिकारिक प्रवक्ता पिंटू महादेव ने कथित तौर पर राहुल गांधी की छाती में गोली मारने की धमकी दी थी। इसके बाद शास्त्री नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बिहार प्रदेश यूथ कांग्रेस के लीगल सेल अध्यक्ष नंद कुमार सागर ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस मामले में तुरंत कार्रवाई नहीं की गई, तो यह माना जाएगा कि इस तरह की धमकियों को शीर्ष सरकारी पदों की मौन स्वीकृति प्राप्त है। इस संबंध में कांग्रेस प्रवक्ता ज्ञान रंजन का कहना है कि यह धमकी शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर दी गई है और आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यह एक सोची-समझी साजिश हो सकती है।

# पाकिस्तान के क्वेटा में बम ब्लास्ट, 10 की मौत


**क्वेटा।** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में मंगलवार दोपहर भीड़भाड़ वाली सड़क पर सुसाइड बम ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी न्यूज पेपर डॉन के मुताबिक, इसमें 10 लोगों की मौत हो गई और 32 घायल हैं। मारे गए लोगों में 4 उग्रवादी भी हैं। क्वेटा के मोहम्मद बलोच के मुताबिक, पैरामिलिट्री फोर्स हेडक्वार्टर के पास विस्फोटक से भरी गाड़ी में धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आसपास के घरों की खिड़कियां टूट गई और दीवारों में दरार आ गई। पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा है कि इसके पीछे भारत समर्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों का हाथ है। भारत ने अभी तक इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# बरेली हिंसा में एक और नया खुलासा: बिहार और बंगाल से भी आए थे बवाली

**बरेली।** बरेली बवाल में एक और नया खुलासा हुआ है। पुलिस और खुफिया अमले ने पहले ही अंदेशा जताया था कि बरेली में उपद्रवी दूसरे जिलों और राज्यों से भी आए थे। इसकी तस्दीक उपद्रवियों की गिरफ्तारी के बाद हो गई है। कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को कुल 14 उपद्रवी गिरफ्तार किए। इनमें से दो उपद्रवी बिहार के रहने वाले हैं।

इनमें हरमेन रजा और नेमतुल्ला बिहार के जिला पूर्णिया के निवासी हैं। एसपी सिटी ने बताया कि वह नौमहला मस्जिद में ही रह रहे थे। उपद्रव करने के बाद दोनों बिहार भागने की फिराक में थे तभी कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इनके अलावा सोमवार को जेल भेजे गए दो आरोपी बिहार व पश्चिम बंगाल के निवासी थे।

पुलिस की जांच में पता लगा है कि बृहस्पतिवार रात जब नफीस व नदीम ने मौलाना से फोन पर बातचीत के बाद



जनता के शहर न आने संबंधी पत्र जारी किया तो उसे पुलिस प्रशासन के अफसरों को देने के साथ ही आईएमसी के व्हाट्सएप ग्रुप में डाल दिया। तब अधिकारियों ने अनुरोध किया कि इसे आईएमसी के फेसबुक पेज पर भी डाल दें। तब नफीस ने यह पत्र अपने बेटे को भेजकर संगठन के फेसबुक पेज पर अपलोड करने को कहा। फरमान ने इस पत्र को अपलोड करके पोस्ट किया। पुलिस अधिकारियों ने इसी दौरान पांच मिनट बाद ही संगठन का फेसबुक पेज देखा तो वह पोस्ट फरमान डिलीट कर चुका था।

फरमान ने शुक्रवार सुबह मौलाना तौकीर रजा का एक भड़काऊ बयान वाला वीडियो सोशल मीडिया पेज पर अपडेट किया था। इसमें मौलाना आई लव मोहम्मद की आड़ में अपनी राजनीति चमकाने के लिए लोगों से चलो इस्लामिया, भरो इस्लामिया का आह्वान कर रहा है। वायरल वीडियो में मौलाना साफतौर पर पुलिस प्रशासन को चुनौती दे रहा है। कह रहा है कि कर्फ्यू लगा दीजिए, कोई परवाह नहीं है। निकलेंगे तो निकलेंगे। लाठी चलाओ, गोली चलाओ या कर्फ्यू लगाओ।

# मानसून सीजन खत्म, देश में 1500 मौतें-अक्टूबर में 15% ज्यादा बारिश

**नई दिल्ली।** देशभर से मानसून मंगलवार को खत्म हो गया, लेकिन बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। कल जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जयपुर में 2 घंटे की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं।

जयपुर के इलाकों में 2 से 3 फीट पानी भर गया। दशहरा पर रावण दहन के लिए तैयार पुतले भी पानी में बहते दिखे। कोटा में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीग गया। दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला है। मौसम विभाग ने राजस्थान





में दशहरे के दिन, 2 अक्टूबर को भी तेज बरसात की आशंका जताई है।

भारतीय मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में मानसून सीजन (जून से सितंबर तक) में सामान्य से 8% ज्यादा बारिश हुई है। भारत में चार महीने के दौरान 868.6एमएम बारिश होती है। इस साल 937.2एमएम वर्षा दर्ज की गई।

मौसम से जुड़ी घटनाओं में 1520 लोगों की मौत हुई। कुल मौतों में से 935 बाढ़ और भारी बारिश से हुईं, जबकि 570 लोग बिजली गिरने और आंधी-तूफान में मारे गए। मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा 290 मौतें दर्ज की गईं। आईएमडी ने बताया कि बारिश का दौर अक्टूबर से दिसंबर तक जारी रहेगा। अक्टूबर में सामान्य से 15% ज्यादा बारिश हो सकती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल और कर्नाटक में भी मानसून के बाद सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

# मथुरा में झमाझम बरसात से धान व बाजारा की कटी फसलें डूबीं

## बिजली गिरने से एक महिला की मौत, किसान परेशान

एनएनआई



**मथुरा।** बंगाली की खाड़ी में सिस्टम बनने पर एक दम मौसम का रुख बदल गया जिले के अधिकांश हिस्सों में झमाझम बरसात हुई जिससे किसानों फसलें खेत खलिहानों में पड़ी जलमग्न हो गयी जिसमें धान बाजरा की फसलों में नुकसान होने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

मंगलवार सुबह चार बजे से आसमान में बादल छाए हुए थे सुबह सात बजे से दोपहर ग्यारह बजे तक झमाझम बरसात होती रही बेमौसम बरसात होने से किसान की फसलों में सड़न पैदा हो जाएगी। गांव सिहोरा, नगला तेजा, तारापुर, कारब, पचावर,नगला राना,नगला पतिया,रावल, नगला पोला, किशनपुर, खानपुर, बंदी आदि गांवों में धान, बाजरा की फसलों की कटाई शुरू हो चुकी हैं। किसानों की फसलें खेत खलिहानों पर पड़ी हुई हैं।

अधिक बरसात होने से खेतों में पानी भर चुका है जिससे कटी फसलें जलमग्न हो चुकी हैं कटी फसलों में पानी भरने से फसलों की बालियों में सड़न पैदा हो जाएगी जिससे किसानों की फसलों में नुकसान होगा। किसान पहले आलू की मार से कराह रहा है आलू बाजार भाव में पिछड़ता जा रहा है जिससे किसानों की फसलें घाटे का सौदा बन रही हैं।

नगला जगरूपा में मंगलवार सुबह एक मकान पर बिजली गिरने से महिला की मृत्यु हो गई। वह वर्षा में भीगने से बचाने के लिए चूल्हा ढंकने को छत पर गईं थीं। बिजली की धमक से झीना और मुंडेर की ईंटें उखड़ कर गिर गईं और इंवर्टर समेत विद्युत उपकरण फुंक गए। जिसे देख स्वजन समेत ग्रामीण दहशत में आ गए। मंगलवार की सुबह मौसम का मिजाज बदलने के साथ आसमान में बादल छा गए और गरज-चमक के साथ वर्षा होने लगी। जिसे देख सुरेशचंद्र की पत्नी मीरादेवी घर की छत पर खुले में रखे चूल्हे को भीगने से बचाने के लिए ढंकने गई थीं। तभी तेज आवाज के साथ उनके मकान पर बिजली गिर पड़ी। बिजली की तीव्रता इतनी भीषण थी कि चपेट में आने से महिला मीरा देवी की मौके पर मृत्यु हो गई।

बिजली गिरने से उनके घर की मुंडेर और झीना की ईंटें उखड़ कर बिखर गईं। इंवर्टर समेत घर के अंदर रखे विद्युत उपकरण धू-धू कर फुंक गए। जिसे देख स्वजन दहशत में आ गए। स्वजन ने घर की छत पर जाकर देखा तो बिजली की चपेट में आने से मीरा देवी झुलसी पड़ी थी। स्वजन नजदीक हास्पिटल ले गए लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।

इसके बाद स्वजन ने महिला के शव को थाने पर ले जाकर पुलिस को उनकी बिजली से मृत्यु होने की जानकारी दी। सूचना पर नायब तहसीलदार राकेश कुमार शर्मा पहुंच गए। पंचनामा भरवाकर महिला के शव को पोस्टमार्टम को भिजवा दिया। नायब तहसीलदार ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने का भरोसा दिया है। इसके बाद नायब तहसीलदार राकेश शर्मा ने गांव नगला जगरूपा में जाकर आकाशीय बिजली गिरने से हुए नुकसान का निरीक्षण किया।

# एक्सप्रेस वे पर पलटी बस, 13 यात्री घायल

एनएनआई



**मथुरा।** बलदेव के गांव आगई के समीप यमुना एक्सप्रेसवे के माइल स्टोन 131 पर मंगलवार रात तेज रफ्तार डबल टेकर बस डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में 13 यात्री घायल हो गए है। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

**नोएडा से कानपुर जा रही थी बस**

यमुना एक्सप्रेसवे पर डबल डेकर बस नोएडा से कानपुर जा रही थी। बलदेव के गांव आगई के समीप चालक को झपकी आने से बस डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई।

**हादसे में ये हुए घायल**

हादसे में मीरा देवी निवासी तुरकीपुर औरैया, सुशीला, मदन सिंह, साहिल खान, शौकीन खान निवासी जालौन, मानसी निवासी शुक्लागंज उन्नाव, आराधना अकबरपुर कानपुर देहात, आदिल निवासी रावतपुर कानपुर, कुमीर्दा, अमन निवासी इटोरा जालौन, यूनुस निवासी शाहगंज जालौन, प्रमोद यादव निवासी फतेहपुर, अरविंद सिंह निवासी पटेल नगर कानपुर, शारून निवासी अकबरपुर कानपुर नगर आदि गंभीर घायल हो गए। सुरक्षित यात्रियों को अन्य बस के माध्यम से गंतव्य के लिए भेजा।

# शातिरों के जाल में फंसे 2 लोग, 18 लाख गंवाए

**फिरोजाबाद।** साइबर शातिरों के चंगुल से बचाने के लिए पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। इसके बाद भी लोग मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में लाखों की रकम गवां रहे है। साइबर क्राइम थाने में दो पीड़ितों के खाते से 18 लाख रुपये से अधिक की रकम धोखाधड़ी कर रकम उड़ाने का मामला सामने आया है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना उत्तर में तिलक नगर निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह एक निजी संस्थान में नौकरी करते हैं। उन्होंने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में बताया कि उन्हें स्वाऊ बेरी नाम की कंपनी से एक लिंक मिला। जिसमें उन्हें ट्रेडिंग छूट का का प्रलोभन दिया। इसके बाद कई मोबाइल नंबर पर 9.48 हजार रुपये आनलाइन स्थानांतरित करवा लिए। जब उन्होंने लाभ रकम मांगी तो उनसे आयकर की 20 प्रतिशत धनराशि मांगी है। तब उन्हें ठगी का पता चला और तहरीर दी। थाना उत्तर क्षेत्र में बाग छिंगामल, आगरा गेट शिवम बंसल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि फरवरी में एक नंबर से मैसेज आया और गोल्ड ट्रेडिंग का झांसा दिया गया। शुरू में मुनाफा निकाल कर रकम जमा करता गया, लेकिन जब 8.94 लाख रुपये अलग-अलग खाते से जमा किया। इसके बाद रकम निकालने का प्रयास किया तो और रकम जमा करने की बात कही गई। तब उन्हें ठगी का पता चला और साइबर क्राइम थाने में तहरीर दी।

# प्रो. रामगोपाल यादव ने आजम खान के बयान का किया समर्थन

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव बुधवार को फिरोजाबाद पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में बिहार चुनाव और उत्तर प्रदेश की राजनीति सहित कई मुद्दों पर बयान दिए। प्रो. यादव ने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि वहां जनता चुनाव लड़ रही है, बीजेपी नहीं।

उन्होंने दावा किया कि वे खुद दरभंगा से सीतामढ़ी तक गए हैं और जनता बदलाव चाहती है। आजम खान के मुख्तार अंसारी पर दिए गए बयान का समर्थन करते हुए प्रो. यादव ने कहा कि यह सबको पता है कि मुख्तार अंसारी ने खुद धीमा जहर दिए जाने की बात कही थी और उसके बाद उनकी मौत हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे में आजम खान ने कुछ भी गलत नहीं कहा है।

सपा नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने के मुद्दे पर उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। प्रो. यादव ने कहा, 'सरकार का काम सरकार करे और हमारा काम हम करेंगे। जहां मजलूमों पर ज्यादती होगी, हम विरोध करेंगे। न्याय दिलाने के लिए लड़ना ही हमारा कर्तव्य है।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश प्रशासन जनता के हित के काम भी रोक रहा है।



# हाथरस में पागल कुत्ते ने 25 लोगों को काटा

एनएनआई

**हाथरस।** बीती रात एक आवारा कुत्ते ने आतंक मचाते हुए 25 लोगों को काट लिया। यह घटना शहर के विभिन्न इलाकों में चार घंटे के भीतर हुई। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

यह घटना मोहनगंज, चिंताहरण महादेव मंदिर के निकट, श्रीनगर और रमनपुर जैसे क्षेत्रों में हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, भूरे रंग का यह कुत्ता पागल प्रतीत हो रहा था और उसने लगातार कई लोगों पर हमला किया।

# इंजेक्शन लगते ही मासूम ने तोड़ा दम

## परिजनों में मचा कोहराम, कंपाउंडर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप

एनएनआई



**आगरा।** लोहामंडी क्षेत्र के जयपुर हाउस स्थित एक अस्पताल में इंजेक्शन लगने के बाद डेढ़ साल के मासूम की हालत बिगड़ गई। परिजन मासूम को दूसरे अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचा नहीं सके। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया। उन्होंने अस्पताल पर पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने समझा-बुझा कर शांत किया। बाद में परिजन ने तहरीर दी है। इसमें इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि सीएमओ की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

खतैना, लोहामंडी निवासी योगेश शाक्य एक डिलीवरी कंपनी में कार्यरत हैं। योगेश के बेटे लाला की 26 सितंबर को तबीयत खराब हो गई थी। उसे जयपुर हाउस स्थित अस्पताल में दिखाया था। चिकित्सक ने बेटे को भर्ती कर लिया। रातभर उपचार किया। अगले दिन छुट्टी कर दी। बताया कि सुबह और शाम इंजेक्शन लगाए जाएंगे। इसके लिए आना होगा। कुछ दिन तक ऐसा ही करना होगा। इस पर योगेश बेटे को लेकर आते थे। इंजेक्शन लगवाने के बाद लेकर जाते थे। मंगलवार शाम को भी अस्पताल आए। कंपाउंडर ने इंजेक्शन लगाया। कुछ देर बाद ही बेटे की हालत खराब हो गई। यह देखकर कंपाउंडर ने बोल दिया कि दूसरे अस्पताल ले जाओ। वह बोदला स्थित अस्पताल गए, लेकिन वहां से भी रेफर कर दिया। बाद में देहली गेट स्थित अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। इस पर वह जयपुर हाउस स्थित अस्पताल पर शव ले आए। जानकारी पर बड़ी संख्या में परिजन जुट गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने समझा-बुझाकर परिजनों को शांत करा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि इलाज में लापवाही से बच्चे की मौत का आरोप लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। मृतक के परिजन ने तहरीर दी है। इसके आधार पर सीएमओ से रिपोर्ट ली जाएगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**इकलौता था बेटा**

बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन ने बताया कि डेढ़ साल का लाला घर में इकलौता था। योगेश की और कोई संतान नहीं है। बेटे की मौत से मां सुमन का हाल बेहाल हो गया। उन्हें परिवार के लोगों ने संभाला।

# खेत में खड़े नौ हरे वृक्षों को काटने पर दो सगे भाइयों पर केस

एनएनआई

**एत्मादपुर।** संरक्षित ताज ट्रिपेजियम जोन (टीटीजेड) में हरियाली के दुश्मनों की आरी लगातार हरे-भरे वृक्षों का कत्ल कर रही है। एत्मादपुर वन रेंज में अब थाना बरहन क्षेत्र के गांव नगला बरी में आठ नीम और एक जामुन के हरे वृक्षों का एक साथ अवैध रूप से कटान किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। वन विभाग की ओर से इस संबंध में दो ग्रामीणों के खिलाफ नामजद मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

बुधवार को वन विभाग की रेंज अधिकारी से नगला बरी में हरे वृक्षों के अवैध कटान की शिकायत की गई थी। इसके बाद उन्होंने विभागीय टीम मौके पर पहुंची तो उसे तालाब के पास कृषक भूमि के मेड पर आठ नीम और एक जामुन का वृक्ष कटा पड़ा मिला। टीम ने ग्रामीणों से पूछताछ की तो बताया गया कि हरे-भरे वृक्षों का अवैध कटान बिना किसी अनुमति के दो सगे भाइयों रविन्द्र कुमार और गोपाल प्रसाद पुत्र पीतम सिंह द्वारा करवाया गया है। जबकि उक्त संरक्षित क्षेत्र टीटीजेड के अन्तर्गत आता है। वन विभाग की टीम ने मौके पर मिली लकड़ी को कब्जे में लेकर सुपुर्दगी में देकर सुरक्षित कर दिया गया है। वहीं आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ वन रक्षक नगला बेल बीट प्रभारी विमल द्विवेदी ने उप्र ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 की धारा 4/10 के तहत अभियोग दर्ज कराया है। इधर स्थानीय ग्रामीणों का आरोप था कि वन विभाग के कर्मचारी क्षेत्र में पेड़ काटने वालों से मिले हुए हैं। जो जेब गर्म कर देता है उसे छोड़ देते हैं और न देने पर मुकदमा लिखा देते हैं।

# पर्ची गैंग ने कैंसर पीड़ित के बेटे को ठगा, 22 हजार ले गया

**आगरा एनएनआई।** सिकंदरा क्षेत्र स्थित एक हॉस्पिटल में कैंसर पीड़ित पिता का इलाज कराने आए बेटे को पर्ची गैंग ने शिकार बना लिया। पता पूछने के बहाने रोककर पर्ची का झांसा दिया और 22 हजार रुपये लेकर शातिर गैंग फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुरा गोवर्धन, खंदौली निवासी जितेंद्र ने बताया कि पिता भरत सिंह कैंसर से पीड़ित हैं। हालत बिगड़ने पर सोमवार को पिता को सिकंदरा स्थित एक हॉस्पिटल में लेकर आए थे। मंगलवार सुबह 6 बजे वे चाय पीने के लिए एक ढाबे पर आए। तभी बाइक पर दो युवक आए। वह संतोष हॉस्पिटल का पता पूछने लगा। उन्होंने जानकारी से इनकार कर दिया। इस पर वो चले गए। चाय पीने के बाद वह वापस आ रहे थे। भावना एस्टेट रोड पर एक और युवक मिला। उसने कपड़ा बाजार का पता पूछा। तभी पूर्व में पता पूछने वाले आ गए। तीनों ने अपनी बातों में ले लिया। एक युवक ने पर्ची निकलवाई। उन्होंने पर्ची खींच ली। बाद में दो और पर्ची खिंचवाई। एक बार 7 हजार तो दूसरी बार 15 हजार रुपये ले लिए।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# नवरात्र में मिला एसिड अटैक सर्वाइवर को मुआवजे का तोहफा

- 22 साल बाद मिला पांच लाख रुपए का मुआवजा
- सामाजिक कार्यकर्ता नरेश पारस की पैरवी ने पोंछे आंसू

**आगरा एनएनआई।** शीरोज हैंगआउट कैफे में काम करने वाली रुकैया को नवरात्र पर मुआवजे का तोहफा मिला। सरकार की ओर से मुआवजे की पांच लाख रुपए की राशि मिली है। 22 साल की काली रात के बाद अब उम्मीदों की सुबह हुई है। यह सब सामाजिक कार्यकर्ता औरअधिवक्ता नरेश पारस के प्रयासों से संभव हो सका। रुकैया कैफे और नरेश पारस का आभार जता रही है।

रुकैया वर्ष 2002 में बड़ी बहन इशरत जहां की ससुराल तुर्कमान गेट, कोतवाली अलीगढ गई थी। वह उस समय 14 वर्ष की थी। जहां बहन का देवर उससे एकतरफा प्यार करने लगा। शादी का प्रस्ताव दिया, लेकिन रुकैया ने इंकार कर दिया। बौखलाकर उसने रुकैया पर तेजाब डाल दिया, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह जल गया। इस दौरान उसने बेइंतहा दर्द सहा। 12 सर्जरी हुईं।

उस समय बड़ी बहन पर घर बिगड़ने के डर से परिजनों के दबाव में मुकदमा दर्ज नहीं कराया। कुछ वर्ष बाद भाई ने उन्हे न्याय दिलाने के लिए अभियोग दर्ज कराने का प्रयास किया। पुलिस ने कई वर्ष पुराना मामला होने का हवाला देते हुए कार्रवाई नहीं की। छांव फाउंडेशन द्वारा संचालित शीरोज हैंग आउट कैफे पर उसने काम करना शुरू किया। दो वर्ष पूर्व तत्कालीन एडीजी (वर्तमान डीजीपी) राजीव कृष्ण शीरोज हैंग आउट कैफे में गए थे। तब वह उनसे मिली। उन्हें अपनी आप बीती सुनाई। इसके बाद मामला तत्कालीन पुलिस आयुक्त डॉ. प्रीतिंदर सिंह के संज्ञान में आने के बाद आरोपी के खिलाफ अभियोग दर्ज किया गया।

मुकदमे के बाद पीड़िता पैरवी करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। कानूनी लड़ाई कैसे लड़ी जाए, इसकी जानकारी उसे नहीं थी। सामाजिक कार्यकर्ता औरअधिवक्ता नरेश पारस ने मामले की पैरवी शुरू की। आगरा और अलीगढ़ प्रशासन से मजबूत पैरोकारी की। नतीजन सरकार से उसे पांच लाख रुपए का मुआवजा मिला।

**हादसा भी न डिगा सका हौंसला**

आरोपी जेल में बंद है। नरेश पारस रुकैया को न्याय दिलाने के लिए न्यायालय में भी पैरवी कर रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में पैरवी के लिए जाते वक्त बस कानपुर में दुर्घटना की शिकार हो गई। हादसे में ड्राइवर समेत दो लोगों की मौत हो गई। नरेश पारस भी चोटिल हो गए। पैर में फैक्चर हो गया। चार महीने तक बेड रेस्ट पर रहे। यह हादसा भी उनके हौसलों को डिगा नहीं सका और रुकैया की मजबूत पैरवी की। अभी भी हाईकोर्ट में पैरवी कर रहे हैं। उनका कहना है कि आरोपी को सजा दिलाने तक पैरवी जारी रहेगी।

# दशहरा पर आज और कल रहेगा रूट डायवर्जन

**आगरा एनएनआई।** रामनवमी पर बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन यमुना किनारा, बल्केश्वर और कैलाश घाट पर किया जाएगा। बृहस्पतिवार को दशहरा पर रावण दहन होगा। इसको देखते हुए दो दिन शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। वहीं बृहस्पतिवार रात में शहर में भारी वाहनों का प्रवेश भी बंद रहेगा।

डीसीपी ट्रैफिक अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि 1 और 2 अक्तूबर को घाटों पर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकलेंगे। इस पर यमुना किनारा मार्ग पर दो दिन यातायात व्यवस्था बदली रहेगी। दशहरा पर देर रात तक लोग सड़कों पर निकलेंगे। इस वजह से भारी वाहनों का प्रवेश नहीं मिलेगा। रात 11 बजे खुलने वाली नो एंट्री नहीं खोली जाएगी। पुलिस बैरियर लगाकर एंट्री पाइंट पर तैनात रहेगी, जिससे कोई भी भारी वाहन प्रवेश न कर सके। रामलीला मैदान और सेंट जोंस स्थित मैदान में रावण दहन को देखते हुए भी यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

एमजी रोड पर हरीपर्वत और सुभाष पार्क की तरफ वाहनों को डायवर्ट करके निकाला जाएगा।

वाटरवर्क्स चौराहे से यमुना किनारा मार्ग होकर श्मशान घाट चौराहा तक सभी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

यमुना एक्सप्रेस-वे फतेहाबाद रोड, ताजमहल, ग्वालियर जाने वाले वाहन इनर रिंग रोड होकर फतेहाबाद रोड से मॉल रोड होकर जाएंगे।

एत्माद्दौला से आंबेडकर यमुना पुल होकर कोई भी कॉमर्शियल वाहन बेलनगंज या यमुना किनारे की तरफ नहीं आएगा।

बेलनगंज, सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता कार्यालय के पास तिराहे से यमुना किनारे हाथी घाट की ओर सभी व्यावसायिक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

बेलनगंज चौराहे से सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों का आवागमन बेलनगंज चौराहे से एसीपी छत्ता कट के मध्य प्रतिबंधित रहेगा। वाहन दरेसी मार्ग से होकर जा सकेंगे।

बिजलीघर चौराहे से रोडवेज, टूरिस्ट बस व अन्य व्यवसायिक वाहन आगरा फोर्ट से हाथी घाट की तरफ जाएंगे।

विक्टोरिया पार्क तिराहे से कोई भी वाहन बस, ट्रैक्टर, डीसीएम आदि यमुना किनारा, हाथी घाट की ओर नहीं जाएगा।

यमुना किनारा मार्ग, हाथी घाट पर दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के समय सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

हाथी घाट, रेलवे पुल पर फोर्ट की तरफ बैरियर लगाकर प्रतिमाओं को लाने वाले वाहनों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

स्ट्रैची ब्रिज पर एत्माद्दौला की तरफ से सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

यमुना किनारा मार्ग से डायवर्ट की गईं परिवहन विभाग की बसें एमजी रोड प्रथम, इनर रिंग रोड होकर निकलेंगी।

भारी वाहन एवं हल्के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की समाप्ति तक नो-एंट्री लागू रहेगी। वाहनों को पूर्व से किए गए नो एंट्री पास/अनुमतिपत्र निरस्त कर दिए गए हैं।

**इन पॉइंट पर रहेगी पुलिस**

सिकंदरा तिराहा, गुरुद्वारा गुरु का ताल, आरओबी, आईएसबीटी तिराहा, आरबीएस चौराहा, खंदारी चौराहा, भगवान टॉकीज चौराहा, नेहरू नगर कट, गांधी नगर कट, सुल्तानगंज की पुलिया, कमलानगर मार्ग, लंगड़े की चौकी तिराहा, वाटर वर्क्स चौराहा, आंबेडकर पुल एत्माद्दौला साइड, तोरा चौकी तिराहा, एकता चौकी तिराहा, रोहता नहर चौराहा, मलपुरा नहर चौराहा, पथौली नहर चौराहा, वायु विहार तिराहा, अमरपुरा चौराहा, बोदला चौराहा, शास्त्रीपुरम चौराहे पर पुलिस तैनात रहेगी।

**रामलीला मैदान पर रावण दहन के लिए**

बिजलीघर, विक्टोरिया पार्क, पुरानी मंडी, बालूगंज चौकी से रामलीला मैदान (अमर सिंह गेट) की तरफ वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। पुरानी मंडी से बिजलीघर, यमुना किनारा जाने वाले वाहन फूलसैय्यद, करियप्पा, बालूगंज की चौकी से छीपीटोला, बिजलीघर होकर जाएंगे।

**सेंट जोंस कॉलेज में रावण दहन के लिए**

हरीपर्वत, लोहामंडी, रघुनाथ टॉकीज, नूरी दरवाजा, एसएन कट से सेंट जोंस चौराहे की तरफ वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। हरीपर्वत से सुभाष पार्क, कलेक्ट्रेट की तरफ वाहन दिल्ली गेट होकर जाएंगे।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025


# कठघरे में फिर नगर आयुक्त!

## बिना प्रक्रिया के बढ़ाया आउट सोर्सिंग सेवा प्रदाता फर्म का कार्यकाल

- महापौर ने पत्र लिखकर नगरायुक्त से तलब किया जवाब



एनएनआई

**आगरा।** महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने एक बार फिर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को कठघरे में खड़ा किया है। ताजा मामले में मेयर ने आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता फर्म का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, बिना किसी निविदा प्रक्रिया के फर्म के ठेके की अवधि को बढ़ाने के मामले में वित्तीय अनियमितता मानते हुए नगरायुक्त से जवाब मांगा है।

नगर निगम में विभिन्न आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को उपलब्ध कराने वाली सेवा प्रदाता फर्म मै. अग्रवाल एंड कम्पनी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी लगातार ठेके की अवधि को बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के बढ़ाया जा रहा है। जबकि ठेका समाप्त होने के बाद नगर निगम आगरा द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर जारी होने के बाद ही किसी फर्म को नियमानुसार ठेका मिलना चाहिए। महापौर ने नगरायुक्त को पत्र में लिखा है-संज्ञान में लाया गया है कि नगर निगम आगरा में आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता फर्म मै. अग्रवाल एंड कम्पनी का निविदा की शर्तों के अनुसार विगत वर्षों में ही इनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है, लेकिन नगर निगम द्वारा नई निविदा प्रकिया न अपनाये जाने के कारण मै. अग्रवाल एंड कम्पनी का कार्यकाल बिना महापौर या कार्यकारिणी के संज्ञान में लाये ही फर्म के कार्य के लिए समयवृद्धि आपके स्तर से कर दी जाती है, जिसके कारण इस फर्म द्वारा व्यापक अनियमिततायें किये जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

महापौर ने पत्र में नगरायुक्त से जवाब मांगा है कि शासन द्वारा जेम पोर्टल की साइड से ई-निविदा के माध्यम से आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता फर्म हायर किये जाने की पारदर्शी व्यवस्था के तहत किये जाने के निर्देश दिये हैं, लेकिन इस प्रकरण में नगर निगम स्तर पर ऐसी क्या कठिनाई सामने आ रही है जिसके कारण बार-बार वित्तीय अनियमिततायें करने वाली ही फर्म का कार्यकाल बढ़ा दिया जाता है। इस सम्बन्ध में न तो महापौर के संज्ञान में लाया जाता है और न ही प्रकरण को कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखा जाता है। वर्णित प्रकरण के सम्बन्ध में प्राथमिकता के आधार पर पत्रावली सहित अविलम्ब आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

हालांकि महापौर पहले भी पत्र लिख कर कई मुद्दों को उठा चुकी हैं, लेकिन या तो जवाब नहीं दिया गया या फिर आधी अधूरी जानकारी दी गई।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र में हीलाहवाली पर नगर निगम सख्त

## अपर नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

एनएनआई

**आगरा।** जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र संबंधी आवेदनों के निस्तारण में हीलाहवाली पर नगर निगम ने सख्त रुख अपनाया है। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने चारों जोनल अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उनसे 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। चेतावनी दी है कि यदि समयावधि में जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को संस्तुति की जाएगी।

नगर निगम द्वारा जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र के त्वरित और समयबद्ध निस्तारण के लिए विशेष ऑनलाइन पोर्टल लांच किया गया है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पोर्टल पर दर्ज सभी आवेदनों की जोनल अधिकारी प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी आवेदन में देरी न हो।




जानकारी के अनुसार, जोनल अधिकारी छता अवधेश कुमार के यहां 304 आवेदन, जोनल अधिकारी हरीपर्वत के यहां 444 आवेदन, जोनल अधिकारी लोहामंडी चंद्रपाल सिंह के यहां 129 आवेदन और जोनल अधिकारी ताजगंज गजेंद्र सिंह के यहां 242 आवेदन पिछले 7 दिनों से लंबित पड़े हैं। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए चारों अधिकारियों को नोटिस जारी कर 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं। निगम प्रशासन का कहना है कि आवेदनों का समय पर निस्तारण नागरिकों की प्राथमिक जरूरत है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश को अधिवक्ताओं ने बताई समस्याएं



एनएनआई

**आगरा।** दीवानी न्यायालय के दौरे पर आए प्रयागराज हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश जेजे मुनीर से नितिन वर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में युवा अधिवक्ताओं मुलाकात कर 11 सूत्रीय ज्ञापन दिया।

युवा अधिवक्ता संघ मंडल अध्यक्ष नितिन वर्मा एडवोकेट ने बताया कि न्यायालय में व्याप्त समस्याओं को न्यायमूर्ति ने गंभीरता से लिया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं के चैम्बर्स रिपेयर के मुद्दे पर निर्देश दिए टेबल कुर्सी मेज इत्यादि लाने और मरम्मत में कोई प्रतिबंध न हो। सुरक्षा बलों को निर्देशित किया कि अधिवक्ताओं के साथ सद्व्यवहार किया जाए। गेटों पर उनका उपयोगी सामान आने दिया जाए। पानी की समस्या के समाधान को जनपद न्यायाधीश आगरा प्रशासन से सामंजस्य स्थापित कर समाधान करेंगे।

इस दौरान अधिवक्ता मनोज कुमार ने प्रशासनिक न्यायाधीश का स्मृति चिन्ह भेंट किया। स्वागत करने वालों में आसिफ आजाद, नरेंद्र शर्मा, वीरेंद्र पाल सिंह, देव गौतम, सिकन्दर सेहरा, अतुल कर्दम, कौशल कुमार, प्रवेंद्र सिंह, राहुल कुमार, आकाश ठाकुर, राकेश तोमर, पीयूष श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, विमल कुमार आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# ...ताकि न जाए किसी निर्दोष की जान

## मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की मंडलायुक्त ने की समीक्षा

- नशे में वाहन चलाने, ट्रैफिक उल्लंघन पर करें सख्त कार्रवाई

एनएनआई

**आगरा।** हर व्यक्ति की जान महत्वपूर्ण है। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित किये जाए। प्रयास हो कि किसी की भी गलती से किसी निर्दोष की जान न जाए। यह निर्देश मंगलवार को सडक सुरक्षा समिति की मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह ने दिए। बैठक में हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा देने और सीट बेल्ट लगाने के संबंध में जागरूकता लाए जाने के साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने यूपीडा को निर्देश दिए कि सभी टोल प्लाजा पर लगी विम मशीने ठीक कराई जाएं। कैमरे लगाए जाएं। ताकि फोटो सहित डाटा एकत्रित हो सके। बैठक में बताया गया कि विगत दो माह में परिवहन विभाग द्वारा आगरा में 76, फिरोजाबाद में 50, मैनपुरी में 32 और मथुरा में 201 लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई। जबकि मण्डल में अन्य 424 लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।



**स्कूली की मान्यता रद्द करने के दिए निर्देश –** स्कूल बस के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा में बताया गया कि विगत पांच माह में यातायात पुलिस द्वारा आगरा में 331 स्कूल बसों के खिलाफ कार्यवाही की गयी। वहीं फिटनेस न होने की स्थिति में नोटिस देने व चालान की कार्यवाही के बावजूद सड़कों पर स्कूल बसें दौड़ रही हैं। इस पर मंडलायुक्त ने स्कूल की मान्यता रद्द करने का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में एम्बुलेंस के रिस्पांस टाइम पर संतोष जताया गया। सड़क हादसों की समीक्षा में बताया गया कि विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष आगरा और मथुरा में सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। देखने में आया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए कि वे इन स्पॉट पर दुर्घटनाओं के कारणों का अध्ययन कर रिपोर्ट रखें। बैठक में मंडलायुक्त ने परिवहन, पुलिस विभाग और पीडब्लूडी द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण कर चारों जनपदों में ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उसकी सूची शासन को भेजने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी, डीसीपी ट्रैफिक अभिषेक कुमार अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल प्रशान्त तिवारी, आरटीओ अरूण कुमार, पीडब्लूडी मुख्य अभियंता एनके यादव, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार के अलावा सीएमओ फिरोजाबाद, यूपीडा, एनएचएआई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# अगले तीन सालों में विश्वविद्यालय बनेगा शोध और नवाचार का हब

## कुलपति प्रो.आशुरानी को अगले कार्यकाल का सेवा विस्तार, कर्मचारी संघ व सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसो सिएशन ने किया कुलपति का स्वागत

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेड कर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी के कार्यकाल को विस्तार मिल गया है। उन्हें अगले तीन वर्षों तक कुलपति नियुक्त किया गया है। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल कार्यालय द्वारा आदेश जारी किया गया है।





राज्यपाल कार्यालय में हाल में हुए साक्षात्कार के बाद यह तय माना जा रहा था कि प्रो. आशु रानी को ही दोबारा मौका मिलेगा। विश्वविद्यालय परिसर में दिनभर आदेश का इंतजार रहा और जैसे ही निर्णय सामने आया, शिक्षकों और विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रो. आशु रानी ने 30 सितंबर 2022 को विश्वविद्यालय की कुलपति का कार्यभार संभाला था। उनका कार्यकाल 30 सितंबर 2025 को समाप्त हो रहा था। उन्होंने नए कार्यकाल के लिए आवेदन किया था। चयन प्रक्रिया में पांच नामों पर विचार किया गया और अंततः प्रो. आशु रानी को पुनः चुना गया। प्रो. आशु रानी के पुनः कुलपति मनोनीत होने पर विवि कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अखिलश चौधरी के नेतृत्व में बुके देकर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

प्रो. आशु रानी के कार्यकाल में विश्वविद्यालय ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। प्रो. आशु रानी ने संकेत दिया है कि आने वाले तीन वर्षों में वह विश्वविद्यालय को शोध और नवाचार का हब बनाने, अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने और ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति आशु रानी का 3 साल समय विस्तारण होने के उपलक्ष में सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन ने किया स्वागत। इस दौरान चौ. कृपाल सिंह आर्य, बृजेश शर्मा एडवोकेट मीडिया प्रभारी, डॉ. राजीव सिंह, श्याम चौधरी, हरेंद्र सिंह और मानवेंद्र छौंकर आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने रंगों से उकेरी विकसित भारत की कल्पना



- विकसित भारत अभियान के तहत हुई स्कूलों में हुई चित्रकला प्रतियोगिता
- 2047 तक विकसित राष्ट्र के लिए हर व्यक्ति की सहभागिता जरूरीः उपाध्याय
- कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** भाजपा शिवाजी मंडल में विकसित भारत अभियान के तहत एसएस पब्लिक स्कूल इंदिरा कॉलोनी शाहगंज में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने विकसित भारत विषय पर रंगों से अपनी कल्पना का चित्रण किया। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने विजेताओं को सम्मानित किया।

इस मौके पर कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहाकि आज बच्चों ने रंगों के माध्यम से भारत के प्रगतिशील स्वरूप, तकनीकी विकास, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत की कल्पना का संदेश दिया है। यह बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने सपना देखा है। इसे साकार करने में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता जरूरी है। शिवाजी मंडल अध्यक्ष देवेश पचौरी ने अतिथियों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर विकास भारद्वाज, शेखर कुमार जैन, मोहित पांडे, अविनाश भट्ट, पार्षद राधा मानवानी, पार्षद रवि दिवाकर, पार्षद मीनाक्षी वर्मा, संतोषी लाल वर्मा, देवेंद्र चाहर , सनी ठाकुर, देवा शेखावत सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता और विद्यालय के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

### सुभाष मंडल में भी हुई चित्रकला प्रतियोगिता

भाजपा के सुभाष मंडल में राजू कुशवाहा के नेतृत्व में विकसित भारत अभियान के तहत सरस्वती विद्या मंदिर सुभाष पार्क पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों से विकसित भारत की बदलती हुई तस्वीर को उकेरा। मुख्य अतिथि डॉ. आलोकिक उपाध्याय, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र अग्रवाल, मनोज राजोरा मौजूद रहे।

# देशभक्ति और धर्म से सराबोर होगा दशहरा मेला

- ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित होगी इस बार दशहरा मेला की आतिशबाजी
- 2 अक्टूबर को वैश्य बोर्डिंग हाउस दहन होगा 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला

एनएनआई

**आगरा।** लोहामंडी से दो अक्टूबर को निकलने वाला विजय दशहरा इस बार धार्मिकता और देशभक्ति के रंगों से सराबोर होने के साथ ही ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित होगा। 80 फुट से ऊंचा रावण के पुतले के साथ आतिशबाजी का दृश्य सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मंगलवार को सेंट जोन्स चैराहा स्थित वैश्य बोर्डिंग हाउस में दशहरा मेला महोत्सव का पोस्टर विमोचन दशहरा मेला स्वागत समिति द्वारा किया गया।



समिति के अध्यक्ष राजीव कांत लवानिया ने बताया कि वैश्य बोर्डिंग हाउस का मैदान इस बार भव्यता की नई कहानी लिखेगा। इस वर्ष दहन होने वाले रावण की ऊंचाई पिछले रिकॉर्ड को तोड़ेगी। विशेष रूप से आतिशबाजी में 21 तोपों की सलामी दिखाई जाएगी, जिसे तिरंगे के रंगों से सजाया जाएगा। इस मौके पर डॉ. संजय कुलश्रेष्ठ, डॉ. मुकुल पंड्या और डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा खेल और बुद्धि के क्षेत्र में योगदान के लिए बलदेव भटनागर, दिव्यांग हिमानी बुंदेला और क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक राजपाल सिंह चौहान और सुभद्राचौहान को वृद्धजन सम्मान से नवाजा जाएगा। मेले में एमएस ग्रुप द्वारा सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। दिनेश श्रीवास्तव की मधुर आवाज से श्रोताओं का मनोरंजन होगा। मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र गर्ग और किशोर नारायण खन्ना होंगे। इसके अलावा मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान और मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पोस्टर विमोचन के मौके पर विनय जैन, ओम शर्मा, मुकुल कुलश्रेष्ठ, रमन गुप्ता, मनीष गर्ग, कपिल नगर, दीक्षांत तोमर, रविंद्र बंसल, तरुण अग्रवाल, सीमा यादव, अखिल अग्रवाल, आशीष लवानिया, मीडिया प्रभारी मोहित चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की पहल

## पुलिस कमिश्नर ने जारी किया नम्बर, पुलिसकर्मी मांगे रिश्वत तो करें शिकायत

एनएनआई

**आगरा।** पुलिस महकमे में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने आगरा पुलिस में नियुक्त पुलिसकर्मियों की भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर 7839860813 जारी किया है।

इस हेल्पलाइन नंबर पर नागरिक सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि कोई पुलिसकर्मी किसी भी मामले में रिश्वत की मांग करता है? तो उक्त नंबर पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है कि शिकायतकर्ता की पहचान की गोपनीय रखी जाएगी। शिकायत की जांच में दोषी पाए जाने पर सम्बन्धित पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को उक्त नंबर का उपयोग करके भ्रष्टाचार की शिकायत करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कहाकि उनकी प्राथमिकता शहर में कानून व्यवस्था को बनाए




रखना और नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहाकि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# हाइवे पर सड़क हादसे में मथुरा के युवक की मौत

**एत्मादपुर।** हाइवे पर बाइक से जा रहे मथुरा निवासी एक युवक की बीती रात को यहां बुढ़िया का ताल के सामने हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। दुर्गा अष्टमी की रात में युवक की मौत की खबर परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक की पहचान जेब में आधार कार्ड मिलने पर की। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो वह गंभीर रूप से घायल मिले। कुछ देर बाद उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटनास्थल से मृतक की बाइक और आधार कार्ड मिला था। आधार कार्ड से मृतक की पहचान अनुराग शर्मा पुत्र शशिकांत शर्मा, निवासी मथुरा के रूप में हुई। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सूचना दिए जाने पर मृतक के परिजन पहुंच गए हुए हैं। शव को पोस्टमार्टम गृह भेज दिया गया है।

# आकर्षक झांकियों से सजा मां दुर्गा का पांडाल



एनएनआई

**आगरा।** तोता का ताल स्थित मां भगवती सेवा मण्डल द्वारा सजे मां दुर्गा के पण्डाल में कन्या पूजन किया गया। प्रातः मां दुर्गा की ज्योत के साथ विधि विधान से पूजन हुआ। कन्या पूजन में भक्तों ने कन्यों के पैर पूजे और उन्हें प्रसाद व उपहार दिए। इस अवसर पर पण्डाल को मां दुर्गा की आकर्षक झांकियों से भी सजाया गया। सुबह मंगला आरती के साथ ही प्रतिदिन पम्डाल में भक्ति भाव का गंगा में हर भक्त डुबकी लगा रहा है।

आज नवमी के दिन भी कन्या पूजन का आयोजन किया गया। संध्या काल में ढोलक मंजीरों संग भक्त मां दुर्गा की भेंट गाएंगे। एक अक्टूबर को पण्डाल में आकर्षक झांकियां सजायी जाएंगी। दो अक्टूबर को भण्डारा व 3 अक्टूबर को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ 12 दिवसीय उत्सव का समापन होगा। 4 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।

# सुग्रीव संग हनुमान मंगल गाएँ। राम पद पंकज पर श्रद्धा ध्याएँ॥

एनएनआई



**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा, दिगनेर, शमशाबाद रोड में चल रहे बाबा श्रीमनकामेश्वर रामलीला महोत्सव के नौवें दिन मंगलवार को बरसते मेघ के मध्य मंचित लीलाओं ने दर्शकों को पूरी तरह भक्ति रस से भिगो दिया। मंचन का प्रारंभ सीता हरण प्रसंग से हुआ। रावण द्वारा माता सीता का हरण किए जाने का दृश्य अत्यंत जीवंत और मार्मिक रूप में प्रस्तुत किया गया। दर्शक माता सीता के दुःख और श्रीराम के चिंता-भाव से भावविभोर हो उठे।

इसके पश्चात सबरीमाता की प्रतीक्षा का मंचन हुआ। माता सबरी ने श्रीराम की भक्ति और सेवा भाव का आदर्श प्रस्तुत किया। मंच पर उनके सरल, विनम्र और पूर्ण भक्ति भाव ने सभी श्रद्धालुओं का हृदय स्पर्श किया।

इसके बाद भगवान श्रीराम की हनुमान जी से भेंट और सुग्रीव से मित्रता लीलाएँ शामिल थीं। जब भगवान श्रीराम ने हनुमान जी से भेंट की और उनके पराक्रम, भक्ति और निष्ठा को स्वीकार किया, तो दर्शकों में गहन श्रद्धा का संचार हुआ। इसके बाद सुग्रीव से मित्रता स्थापित होने का प्रसंग मंचित हुआ, जिसने मित्रता, विश्वास और धर्म के महत्व को दर्शाया।

इस अवसर पर श्री महंत योगेश पुरी ने कहा कि ह्सीता हरण, सबरीमाता प्रतिष्ठा और मित्रता लीलाएँ हमें भक्ति, सेवा और विश्वास का मार्ग दिखाती हैं। हनुमान जी और सुग्रीव की भक्ति और राम के प्रति निष्ठा जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने कहा कि रामलीला के प्रत्येक प्रसंग में जीवन मूल्यों और धर्म के पालन का संदेश निहित है। नौवे दिन की लीलाएँ हमें यह स्मरण कराती हैं कि भक्ति और मित्रता का बल कठिन समय में भी धर्म की रक्षा करता है। बुधवार को लंका दहन और सीता उद्धार जैसे महत्त्वपूर्ण प्रसंग मंचित होंगे, जिनकी प्रतीक्षा श्रद्धालुओं को है। इस अवसर पर प्रकाश चंद शर्मा, डा.डीएस शुक्ला, सुधीर यादव, राजकुमारी अग्रवाल, केन कुमार (कनाडा), दीप्ति गर्ग, अनूप यादव आदि उपस्थित रहे।

## कथा महोत्सव में भक्तों ने मनाया बाल गोपाल का जन्मोत्सव



**आगरा** एनएनआई। लाडली कटरा आवासीय समिति द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव में मंगलवार को भक्तों ने बाल गोपला का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया। मुख्य यजमान ने महोत्सव में जमकर खिलौने और चॉकलेट लुटाए।

कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग भक्तों को सुनाया, तो उनमें उत्साह की लहर दौड़ गई। सभी भक्त अपने स्थानों पर उठकर मस्ती में झूमते रहे। उत्सव में श्रीकृष्ण के बाल गोपाल स्वरूप का जन्म होते ही मुख्य यजमान ने खिलौनों और चॉकलेट की बारिश कर दी। जिनको पाने के लिए भक्त में होड मच गई। इससे पूर्व कथा व्यास ने मुख्य यजमान से व्यास पीठ का पूजन कराया और भक्तो को कथा का श्रवण कराया। इस मोके पर मुख्य रूप से भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मुनेन्द्र जादौन, अशोक शर्मा, एस के शर्मा, लव तिवारी, रमेश शर्मा, सुशील उपाध्याय, राम शर्मा, सुबोध शर्मा उपस्थित रहे।

## जैन मंदिर में सानंद संपन्न हुआ शीतलनाथ महामंडल विधान



**आगरा** एनएनआई। गुदड़ी मंसूर खां स्थित श्री शीतलनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मंगलवार को परमात्मा श्री शीतलनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर शीतलनाथ महामंडल विधान का भव्य आयोजन सानंद संपन्न हुआ। धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से ओतप्रोत इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।इस अवसर पर पंडित रविंद्र जैन शास्त्री एवं पंडित नीरज शास्त्री के कुशल निर्देशन में विधान की मंगल क्रियाएं सम्पन्न कराई गईं। भक्तों ने अष्टद्रव्यों के साथ भगवान शीतलनाथ के समक्ष पूजन-अर्चना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अनुष्ठान के माध्यम से भक्तों ने मोक्षमार्ग की महिमा का स्मरण कर अपने जीवन में धर्म के प्रति आस्था को और दृढ़ किया।कार्यक्रम में समाज के गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे,जिनमें नरेश जैन,पार्षद राकेश जैन,वीरेंद्र जैन, सुभाष जैन,धर्मेश जैन,रविंद्र जैन, अभिषेक जैन,ऋषि जैन,पवन जैन, शानू जैन सहित महिलाएं,सुशीला जैन,अल्पना जैन,सुनीता जैन, शशि जैन,कुसुम जैन,मधु जैन,राजकुमारी जैन,पूनम जैन,मंजुला जैन और मंजू जैन विशेष रूप से शामिल हुईं।

# एसएन की 7 पोस्ट ग्रेजुएट थीसिस को मिली आईसीएमआर की ग्रांट

एनएनआई



**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी शैक्षणिक और शोध सफलता हासिल कर आगरा का गौरव बढ़ाया है। कॉलेज के सात पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) थीसिस को डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ रिसर्च (डीएचआर) - इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) का प्रतिष्ठित रिसर्च ग्रांट मिला है। यह उपलब्धि कॉलेज की शोध क्षमता और शैक्षिक उत्कृष्टता का प्रमाण है।

**मिलेगा 1 लाख का अनुदान**

इस प्रतिष्ठित चयन के तहत, प्रत्येक सफल रिसर्च स्कॉलर को उनकी थीसिस के लिए एक-एक लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा। यह वित्तीय सहायता उनके शोध कार्य को आगे बढ़ाने और उच्च गुणवत्ता वाले रिसर्च पेपर तैयार करने में सहायक होगी। यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत और कॉलेज के अनुभवी फैकल्टी के प्रभावी मार्गदर्शन का परिणाम है।

**नेत्र विज्ञान विभाग ने रचा नया इतिहास**

इस सफलता में नेत्र विज्ञान विभाग ने विशेष रूप से अपनी छाप छोड़ी है, जहाँ की चार छात्राओं ने यह सम्मान प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। डॉ. स्निग्धा सेन और डॉ. तिरुपति ने इन छात्राओं को सफलतापूर्वक गाइड किया।

**जिन सफल स्कॉलर्स को यह सम्मान मिला है, वे और उनके मार्गदर्शक फैकल्टी निम्न हैं:**

नेत्र विज्ञान विभाग-डॉ. प्रिया और डॉ. पारुल डॉ. स्निग्धा सेन

नेत्र विज्ञान विभाग -डॉ. निवेदिता और डॉ. अर्चना मार्गदर्शक फैकल्टी डॉ. तिरुपति

कम्युनिटी मेडिसिन - डॉ. अमूल्य मार्गदर्शक फैकल्टी डॉ. रेनू अग्रवाल

एनेस्थीसिया डॉ. निकेता मोंडल-मार्गदर्शक फैकल्टी डॉ. अतिहर्ष मोहन

स्त्री रोग विभाग -डॉ. सौम्या चौहान मार्गदर्शक फैकल्टी डॉ उर्वशी

कॉलेज के प्राचार्य और डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने सभी सफल स्कॉलर्स और उनके मार्गदर्शक फैकल्टी को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सफलता एसएनएमसी की रिसर्च संस्कृति को मजबूत करेगी और भविष्य में और अधिक शोध करने के लिए प्रेरित करेगी। एसएनएमसी ने रिसर्च के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए एक बार फिर आगरा के गौरव को बढ़ाया है।



## विश्वविद्यालय के हुनर हाट में लगा रहा छात्रों का रेला

**आगरा एनएनआई।** दो दिवसीय हुनर हाट मेला में आखिरी दिन अनेक महाविद्यालय तथा संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने भ्रमण किया तथा सजावटी सामान की खरीदारी भी की। युवा छात्रों के लिए अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया था जिनको वह खेलते हुए दिखाई दिए। इस हुनर हाट में ललित कला संस्थान, गृह विज्ञान संस्थान, आगरा कॉलेज, बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय, तथा दयालबाग शिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं ने अपने द्वारा निर्मित अनेक प्रकार के सजावटी सामान की स्टॉल्स का प्रदर्शन किया।

# किसान को मधुमक्खी ने 80 से ज्यादा डंक मारे

एनएनआई

- हमले में अचेत हुआ खेत में बाजरा काट रहा किसान

**बाह।** बासौनी के बैरी गांव में मंगलवार की सुबह 9 बजे के करीब किसान मुस्ताक अपने खेत में बाजरा काट रहे थे। बाजरा के पौधे पर मधुमक्खी का छत्ता लगा था। फसल काटते समय पौधे से छत्ता टूटते ही मधुमक्खी हमलावर हो गई। अस्पताल में होश आने पर मुस्ताक ने बताया कि मधुमक्खी शरीर से चिपट गई थी। मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए शोर मचाते हुए खेत से भागा, रास्ते में 3 बार गिरा और अचेत हो गया। आस पास के किसान बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। मधुमक्खी के शांत होने पर पड़ोस के किसानों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने मुस्ताक को इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि सिर, मुंह, पीठ, सीने, कान, हाथ, पैर में 80 से ज्यादा डंक चुभे मिले हैं। अस्पताल में इलाज के बाद मुस्ताक की बेहोशी टूटने पर परिजनों की जान में जान आई।

# चढ़ाई पर निकला ट्रॉली का हुक, पलटा ट्रैक्टर, दब कर युवक घायल, गंभीर

एनएनआई

**बाह।** बटेश्वर के खांद क्षेत्र में चढ़ाई पर ट्रॉली का हुक निकलने से असंतुलित होकर पलटे ट्रैक्टर के नीचे दबने से मई गांव का गौरव घायल हो गया। भाऊपुरा के दीवान सिंह अपने ट्रैक्टर ट्रॉली से ईंट ढुलाई का काम कर रहे थे। चढ़ाई पर अचानक ट्रॉली का हुक ट्रैक्टर से निकल गया। जिससे असंतुलित होकर ट्रैक्टर पलट कर ट्रॉली पर गिर गया। ट्रैक्टर पर बैठा मई गांव का गौरव उछल कर गिरा और मडगार्ड और पहिए के बीच फंस गया। चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। चीख पुकार पर पहुंचे लोगों की मदद से घायल को बाहर निकाला गया और इलाज के लिए बाह सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां से चिंता जनक हालत में एंबुलेंस से एसएन मेडीकल कॉलेज भेज दिया।



# 187 महिलाओं ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

एनएनआई

**आगरा।** भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान व उत्तर प्रदेश सरकार का संयुक्त अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' के तहत, एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना और उनमें स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के साथ मिलकर संचालित किया जा रहा है। एसएन मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य, डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में महिलाओं के लिए निशुल्क परामर्श व अनेकों जाँचें व दवाएं निःशुल्क हैं। इसमें खून की जाँच, ब्लड शुगर, अल्ट्रासाउंड और कैंसर स्क्रीनिंग जैसी आवश्यक जाँचें शामिल हैं इसके अलावा, मेडिसिन, चर्म रोग, बाल रोग, दंत रोग, मनोरोग, नाक-कान-गला रोग और रेस्पिरेट्री मेडिसिन जैसे विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टर एक ही जगह पर परामर्श दे रहे हैं। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ शिखा सिंह ने बताया 187 महिलाओं ने इस शिविर का लाभ उठाया।





# बाह में पैसेंजर टैक्स ऑफीसर का छापा, 4 वाहन किए सीज

**बाह एनएनआई।** भदावर डिपो बाह पर सड़क के दोनों ओर से डग्गेमार वाहनों द्वारा जबरन सवारियां बिठाए जाने और आए दिन लगने वाले जाम को लेकर रोडवेज कर्मियों ने तहसीलदार, एसीपी, बाह पुलिस से दुखड़ा रोया। समाजसेवी मनमोहन पांडेय ने सड़क पर अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया, लेकिन पुलिस प्रशासन टस से मस नहीं हुआ। आगरा बाह मार्ग पर बेखौफ जारी डग्गेमारी को रोकने के लिए मंगलवार को परिवहन विभाग के पेसेंजर टैक्स ऑफीसर एसके मिश्रा ने बाह के एआरएम सहेन्द्र सिंह के साथ छापेमारी की। बस अड्डे के आस पास से भरे जा रहे डग्गेमार वाहनों के परमिट आदि की जांच की। कोई अभिलेख न मिलने पर उन्होंने 4 वाहनों के चालान काट कर सीज कर दिए। सीज वाहनों में एक बस, दो ईको कार, एक ऑटो शामिल है। चैकिंग के दौरान संचालक अपने डग्गेमार वाहन के साथ भूमिगत हो गये। चैकिंग के चलते बाह में दिन भर वाहन संचालकों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

## गायत्री प्रजापति पर हमले को लेकर प्रजापति समाज में आक्रोश

**आगरा एनएनआई।** गायत्री प्रजापति पिछड़ी जाति से आते हैं, इसी कारण सरकार लगातार उनके साथ अत्याचार कर रही है। उनके परिवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार जेल में ही उनकी हत्या करवाना चाहती है। यदि जेल में ही सुरक्षा नहीं है, तो फिर आम जनता कहां सुरक्षित रहेगी?

समाजवादी नेता पवन प्रजापति ने कहा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री अखिलेश यादव जी ने ट्वीट कर कहा है कि गायत्री प्रजापति पर जेल मे हुये जानलेवा हमले की निष्पक्ष न्यायिक जाँच हो उत्तर प्रदेश मे कही भी कोई सुरक्षित नहीं है। सपा नेता पवन प्रजापति ने कहा जेल में बंद पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति पर हुआ जानलेवा हमला उत्तर प्रदेश सरकार की घोर विफलता और कायरता को दर्शाता है। यह हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि कानून और न्याय व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। इसकी गहनता से जांच होनी चाहिए और अपराधियों और दूसरी लोगों खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। सपा नेता पवन प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और शोषित वर्ग की कभी हितैषी नहीं हो सकती। जिला मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और मांग की है कि गायत्री प्रजापति को तत्काल रिहा किया जाए।



# बारिश ने बाह की रामलीला पर पानी फेरा, जल भराव के चलते नहीं हो सका मंचन

एनएनआई

**बाह।** बारिश के चलते मंगलवार को बाह के रामलीला मैदान में जल भराव से दलदल और फिसलन की स्थिति पैदा हो गई है। मंच आदि के सजावट का सामान भी भीग गया है। जिसके चलते मंगलवार को रामलीला का मंचन नहीं हो सका। रामलीला ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ने बताया कि मंगलवार को बारिश के चलते रामलीला का मंचन स्थितगित कर दिया है। मंचन के लिए तैयार हुए कलाकार दाऊजी मंदिर में बैठे रहे। सपा नेता सुधीर दुबे ने राम और लक्ष्मण के स्वरूप की आरती उतारी। प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान ब्रह्मदत्त शर्मा, गुड्डू तिवारी, अरविंद यादव, आदिल वेग मिर्जा, मोनू अहीर, आलोक यादव, उत्तम दुबे आदि मौजूद रहे। बाह के महिला अस्पताल परिसर से लेकर थाना परिसर तक हुए जल भराव से आवागमन में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जल भराव के चलते बिजौली, राजारामपुरा, पार्वतीपुरा, पुरा नरहौली, दोदापुरा, सहाबराय पुरा, एमनपुरा, मंगदपुर, प्रतापपुरा, पटकुइयनपुरा आदि गांवों में जन जीवन त्रस्त रहा।

## संपादकीय

# रेवडियों के साक्षी पीएम

बिहार में महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 रुपए एकमुश्त प्रधानमंत्री ने 75 लाख महिलाओं के बैंक खातों में ट्रांसफर किए हैं। अभी 25 लाख और महिलाओं को भी यह राशि दी जानी है। यानी कुल 10,000 करोड़ रुपए प्रधानमंत्री और बिहार की एनडीए सरकार ने उस रणनीति के तहत बांटे हैं, ताकि महिलाओं के अधिकाधिक वोट हासिल किए जा सकें। इस योजना पर 2.10 लाख करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। सवाल वाजिब है कि आखिर पैसा कहां से आएगा? हाल में सीएजी ने राज्यों पर मौजूद कर्ज के बारे में रिपोर्ट पेश की है। उसके मुताबिक कोरोना काल के बाद से बिहार पर कर्ज दोगुना हो गया है। यह राज्य के सकल घरेलू उत्पाद के 39 फीसदी तक पहुंच चुका है। फिलहाल जो तोहफे बांटे जा रहे हैं, चूंकि उनके बारे में यह नहीं बताया गया है कि अतिरिक्त राजस्व कहां से जुटाया जाएगा, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा कर्ज लेकर होगा। याद रखना चाहिए कि ऋण के साथ ब्याज और मूल धन दोनों चुकाने की सालाना चुनौती बढ़ती जाती है। नतीजतन, पूंजीगत एवं बुनियाद मजबूत करने वाली कल्याणकारी योजनाओं में निवेश की क्षमता सिकुड़ती जाती है। खुद प्रधानमंत्री मानते रहे हैं, लेकिन ऐसी रेवडि ?ों से नागरिकों को परजीवी क्यों बनाया जा रहा है? प्रधानमंत्री मोदी ने 16 जुलाई, 2022 को पहली बार यह संवेदनशील बयान दिया था कि जो दल और नेता रेवडि ?ां बांट कर वोट बटोरने में लगे हैं, इनसे एक दिन देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो सकती है।प्रधानमंत्री ने दसियों बार इस बयान को दोहराया है। प्रधानमंत्री व्यापक संदर्भ में बिल्कुल सही कहते रहे हैं, क्योंकि देश पर करीब 225 लाख करोड़ रुपए के कर्ज का बोझ है। विश्व बैंक ने दुनिया के सबसे कर्जदार देशों का आकलन दिया है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, लेकिन कर्ज का ब्याज चुकाने में ही 3.25 लाख करोड़ रुपए निकल जाते हैं। यकीनन यह बहुत बड़ी राशि है। विडंबना यह है कि 2024 का लोकसभा चुनाव जीतने और अंततः गठबंधन सरकार का प्रधानमंत्री (कुल तीसरी बार) बनने के बाद वह अपने ही कथन को झुठलाते हुए विभिन्न विधानसभा चुनावों में, राज्य सरकारों द्वारा लगातार रेवडि ?ां घोषित करने और बांटने में साझेदार रहे हैं। बिहार में आर्थिक विरोधाभास गजब का है कि राज्य का बजट 3.16 लाख करोड़ रुपए का है और कर्ज 3.70 लाख करोड़ रुपए का है।अब हरियाणा की भाजपा सरकार ने भी करीब 22 लाख लाडो लक्ष्मी को 2100 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की है। हरियाणा सरकार पर भी मार्च, 2025 तक 3.17 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज था।महाराष्ट्र में भी भाजपा नेतृत्व की सरकार है। वहां चुनावी मुद्दा बना लाडली बहिना। बेशक वहां की सरकार 2100 रुपए प्रति माह पात्र महिलाओं को दे रही है, लेकिन घाटे का बजट होने के कारण 26.34 लाख महिलाओं के नाम काटने पड़े। महाराष्ट्र सरकार पर मार्च, 2026 तक 9.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज हो सकता है। आकलन है कि देश के 11 राज्य कर्ज लेकर रेवडि ?ां बांट रहे हैं। नतीजतन देश की अर्थव्यवस्था कहां तक जाएगी, आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है। ये कर्जदार राज्य, अंततः, केंद्र सरकार से पैसा मांगेंगे और केंद्र का भी कर्ज बढ़ता रहेगा। क्या ऐसी अर्थव्यवस्था के साथ भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बन सकता है? लोकतंत्र का जीवन मानी जाने वाली मतदान-प्रणाली को मुफ्त के आकर्षण से प्रभावित करने की कोशिश लगातार बढ़ती गई है। आम लोगों को मुफ्त की सौगात देकर उनका समर्थन हासिल करने की प्रवृत्ति पर सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जता चुका है। इस चलन पर नैतिकता और औचित्य के सवाल उठते रहे हैं, लेकिन इसे रोकने के लिए कुछ भी ठोस होता नहीं दिखता। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय राजनीति में आज इसकी चिंता किसी को नहीं है। और यह कहानी देश भर की है। मतदाताओं को जश्न के फौरी मौके देकर नेता अपने सियासी भविष्य को सुरक्षित कर रहे हैं। लेकिन इस होड़ में जनता के दूरगामी हितों की बलि भी चढ़ रही है। देश की आर्थिकी विश्व में चौथे स्थान पर है, इसमें उनका योगदान महत्वपूर्ण है, जिन्होंने लगातार कर की अदायगी की है। उनका मेहनत का पैसा रेवडि ?ों में न फूंका जाए। दिल्ली की बात हो, पंजाब की बात हो या किसी अन्य राज्य की बात हो, हर जगह रेवडि ?ां बांट कर ही सरकारें बन रही हैं। इसके बजाय होना तो यह चाहिए कि हर वर्ग को वास्तविक रूप में सशक्त बनाने की ठोस योजना बननी चाहिए। सभी वर्गों, खासकर युवाओं को काम देकर उनका सशक्तिकरण किया जाना चाहिए। महिलाओं को भी निष्क्रिय बनाने के बजाय स्वरोजगार के लिए व्यवस्था करना श्रेयस्कर रहेगा। यह पहल प्रधानमंत्री व केंद्र के स्तर पर ही हो, तो बेहतर रहेगा।

विजयादशमी का पर्व हमें यह शिक्षा देता है कि असत्य और अधर्म चाहे कितना भी प्रबल क्यों न हो, धर्म और सत्य की विजय निश्चित है। यह दिन शक्ति, साहस और धार्मिकता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है।

# विजयादशमी



# पौराणिक मान्यताएं और पूजन विधि



डॉ. शिल्पा जैन (ज्योतिषाचार्य)

सनातन धर्म में आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाने वाला विजयादशमी या दशहरा पर्व विशेष महत्व रखता है। यह दिन केवल एक उत्सव ही नहीं, बल्कि धर्म, सत्य और साहस की विजय का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक और पौराणिक मान्यताओं में इस पर्व का स्थान अत्यंत ऊंचा है। रामायण के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया और माता सीता को बंधन से मुक्त कराया था। यह घटना धर्म और अधर्म के बीच हुए संघर्ष का प्रतीक मानी जाती है। इसीलिए दशहरे पर रावण दहन की परंपरा है, जिससे यह संदेश मिलता है कि बुराई कितनी भी बलवान क्यों न हो, अंततः उसका नाश निश्चित है। एक अन्य कथा के अनुसार, देवी दुर्गा ने नौ दिनों तक महिषासुर राक्षस से युद्ध किया और दशमी तिथि को उसका वध कर देवताओं को पुनः स्वर्ग का अधिकार दिलाया। इसीलिए यह पर्व शक्ति की उपासना और विजय का प्रतीक भी कहलाता है। महाभारत की कथा में वर्णन मिलता है कि पांडवों ने अपना शस्त्र शमी वृक्ष में छुपाया था। अज्ञातवास की समाप्ति पर दशमी के दिन अर्जुन ने शमी वृक्ष से शस्त्र निकालकर युद्ध किया और विजय प्राप्त की। तभी से शमी और शस्त्र पूजन की परंपरा चली आ रही है।

**विजयादशमी पर्व का महत्व**

विजयादशमी को नया कार्य आरंभ करने, व्यापार शुरू करने और यात्रा के लिए अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। इस दिन शस्त्र और वाहन की पूजा करने से साहस और सफलता प्राप्त होती है। शमी वृक्ष की पूजा से धन और समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। यह पर्व आत्मविश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

**विजयादशमी पूजन विधि**

विजयादशमी के दिन प्रातः स्नान के बाद घर के देवस्थान को सजाकर भगवान श्रीराम और माता दुर्गा की पूजा करें। माँ दुर्गा को लाल पुष्प, चुनरी, श्रृंगार की वस्तुएँ और नारियल अर्पित करना शुभ माना जाता है। भगवान श्रीराम की पूजा कर उनके जीवन की आदर्श कथाओं का स्मरण करना चाहिए।

इस दिन शमी वृक्ष का पूजन कर उसके पत्तों को तिलक लगाकर घर लाना शुभ माना जाता है। शस्त्र और वाहन को धोकर उन पर रोली, अक्षत और पुष्प अर्पित कर दीपक जलाएँ। इससे घर और जीवन में विजय और मंगल की शक्ति बनी रहती है।

**विशेष पूजनीय वस्तुएं**

शमी वृक्ष-समृद्धि और विजय का प्रतीक।

आयुध (शस्त्र)-शक्ति और सुरक्षा का प्रतीक।

वाहन-सुरक्षित यात्रा और सफलता के लिए।

माँ दुर्गा और भगवान श्रीराम-धर्म, शक्ति और सत्य की विजय के प्रतीक।

# रावण के 10 सिरों का राज, इन बुराइयों के हैं ये प्रतीक

विजयादशमी आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर मनाई जाती है, जिसे दशहरा भी कहते है। इस वर्ष 2 अक्तूबर, 2025 को दशहरा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान राम ने रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की स्थापना की थी। इसलिए इस दिन को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। यही कारण है कि दशहरा के विशेष अवसर पर देशभर में रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाता है। धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक रावण शास्त्रों का ज्ञाता था और उसके 10 सिर उसकी शक्ति को दशार्ते थे। परंतु क्या आप रावण के इन सिरों के प्रतीकों को जानते हैं अगर नहीं, तो आइए जानते हैं।

**रावण के दस सिर किन बुराईयों के हैं प्रतीक**



**काम** : धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रावण का पहला सिर उसकी अनियंत्रित इच्छाओं को दशार्ता है, जिसे उसकी हार का कारण भी माना गया है।

**क्रोध** : ऐसा माना जाता है कि रावण का दूसरा सिर क्रोध को दशार्ता है। रावण का गुस्सा इतना अधिक था कि वह बिना किसी विचार विमर्श के काम करते थे और क्रोध के चलते सभी हदों को भी पार कर देते थे।

**लोभः** मान्यता है कि रावण का तीसरा सिर लोभ का प्रतीक है। रावण के मन में इस संसार की हर वस्तुओं को पाने का लालच था और वह सभी चीजों पर अपना अधिकार पाना चाहते थे।

**मोह** : रावण का चौथा सिर मोह का माना जाता है। उन्हें अपनी शक्ति और संपत्ति से अधिक मोह था, जिसके चलते सही और गलत की पहचान भी खो दी थी।

**अहंकार** : रावण का पांचवां सिर अहंकार को दशार्ता है, जिसे उनका सबसे बड़ा शत्रु माना गया है।

**मद** : मान्यता है कि रावण का छठा सिर मद को दशार्ता है यानी उन्हें अपने वैभव पर अत्यधिक गर्व था, जिसे उनकी हार का कारण भी माना जाता है।


**ईर्ष्या** : पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक रावण का सातवां सिर ईर्ष्या को दशार्ता है। कहते हैं कि रावण दूसरों की सफलता और अच्छाई को देखकर उसके मन में ईर्ष्या भर जाती थी।

**चिंता** : रावण का आठवां सिर चिंता का प्रतीक है, जिस कारण उनका मन अशांत रहता था।

**द्वेषः** रावण का नौवां सिर द्वेष को दशार्ता है , जो उनके मन को प्रतिशोध की भावना से भर देता था।

**अज्ञान** : रावण का दसवां और आखिरी सिर अज्ञान का प्रतीक है, जो उसे धर्म-सत्य के मार्ग से भटका कर विनाश की ओर ले जाता था।

# एक और नए रिकॉर्ड की तरफ बढ़ी जॉली एलएलबी-3




अक्षय कुमार की सोई किस्मत को एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर जॉली ने जगा दिया है। 19 सितंबर को थिएटर में आई खिलाड़ी कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला की मूवी 'जॉली एलएलबी-3' बॉक्स ऑफिस पर लगातार अच्छी कमाई कर रही है। इंडिया में 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने के लिए तैयार फिल्म विदेशों में नोटों में खेल रही है। वर्ल्डवाइड जॉली एलएलबी 3 की शुरुआत भले ही स्लो थी, लेकिन 11 दिन बॉक्स ऑफिस पर बिताने से पहले ही अक्षय कुमार की फिल्म ने वर्ल्डवाइड अपना पूरा बजट निकाल लिया। बजट निकालने के बाद दुनियाभर में कमाई से हर दिन मुनाफा कमा रही जॉली एलएलबी 3 अब एक नया रिकॉर्ड बनाने की तरफ बढ़ रहा है।

### कितने करोड़ का है जॉली एलएलबी 3 का नया रिकॉर्ड?

कोर्टरूम ड्रामा फिल्म जॉली एलएलबी 3 कौन सा नया रिकॉर्ड बॉक्स ऑफिस पर बनाने जा रही है, उससे पहले फिल्म ने मंगलवार को विदेशों में टोटल कितनी कमाई की है, वह आंकड़े देख लेते हैं। सोमवार को तकरीबन 135 करोड़ वर्ल्डवाइड कमाने वाली जॉली एलएलबी 3 ने मंगलवार को भी ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाकर रखी है। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 12 दिनों में टोटल 139 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है। अब अक्षय कुमार की कॉमेडी ड्रामा 150 करोड़ का रिकॉर्ड बनाने की तरफ कदम बढ़ा चुकी है, जिसके लिए महज इसे 10 करोड़ वर्ल्डवाइड और कमाई करनी है।

# बालिका बधु की 'आनंदी' बनी दुल्हनिया

## लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से रचाई शादी



टेलीविजन की बालिका वधु अविका गौर और सोशल वर्कर मिलिंद चंदवानी आज, 30 सितंबर को शादी के बंधन में बंध गए हैं। इस जोड़े ने कलर्स टीवी पर प्रसारित होने वाले शो पति पत्नी और पंगा में शादी की। जिस चैनल से अविका फेमस हुई थी उसी पर उन्होंने शादी करने की घोषणा की थी। हल्दी और मेहंदी की रस्म के बाद इस कपल ने आज अपने परिवार और शो के अन्य प्रतियोगियों की मौजूदगी में एक दूसरे का हाथ थामा। पहले उनकी बारात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, अब आखिरकार मेकर्स ने पति-पत्नी के रूप में उनकी तस्वीरें भी शेयर की हैं। अपनी शादी के मौके पर अविका ने रेड कलर का खूबसूरत लहंगा पहना जिसके साथ उन्होंने ग्रीन कलर की ज्वैलरी पेयर की। वहीं मिलिंद ने बेज कलर का आउटफिट चुना। उनकी शादी की पहली तस्वीरों में यह कपल पति पत्नी और पंगा के सेट पर बेहद खुश दिखाई दे रहे हैं।

### कई सेलेब्रिटी आए मेहमान बनकर

पति पत्नी और पंगा के सेट पर आयोजित इस समारोह में शो की पूरी कास्ट और सेलिब्रिटी मेहमान शामिल हुए। इसमें होस्ट सोनाली बेंद्रे, हिना खान, रॉकी जायसवाल, गुरमीत चौधरी, देबिना बनर्जी, रुबीना दिलाइक, अभिनव शुक्ला, ममता लहरी, सुदेश लहरी, स्वरा भास्कर, फहाद अहमद, ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार शामिल हुए। राखी सावंत, फराह खान, कृष्णा अभिषेक और बिग बॉस 17 के समर्थ जुरेल भी मेहमान बनकर शामिल हुए। मीडिया से बात करते हुए अविका गोर ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'ऐसे दिन आते हैं जब मैं जागती हूं और खुद को याद दिलाती हूं कि यह सच है। मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत और धन्य महसूस करती हूं कि मुझे एक ऐसा साथी मिला है जो मेरा साथ देता है, मुझे समझता है और मुझे हमेशा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है'। उन्होंने कहा, 'मैं हमेशा अपने माता-पिता से कहती थी, 'या तो मैं कोर्ट मैरिज करूंगी, जिसके बारे में किसी को पता नहीं चलेगा या फिर एक ग्रैंड शादी करूंगी, जिसका जश्न पूरी दुनिया मनाएगी।' यह ऐसा है जैसे मेरा बचपन का सपना सच हो रहा है'।

# मांग में सिंदूर और सिर पर आंचल, सादगी से प्रियंका चोपड़ा ने लूटी लाइमलाइट

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों मुंबई आई हुई हैं। २९ सितंबर को उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर देखा गया था और ठीक इसके एक दिन बाद वो ३० सितंबर की शाम मुखर्जी परिवार द्वारा आयोजित किए गए दुर्गा पूजा सेलिब्रेशन में शामिल हुई। दरअसल हर साल मुखर्जी परिवार नॉर्थ बॉम्बे सार्बोजनिन दुर्गा पूजा पंडाल लगाता है, जिसमें सितारे पहुंचते हैं और ठीक ऐसा ही इस बार भी हुआ। फिलहाल प्रियंका की एंट्री ने सभी का ध्यान खींचा और उनके हाव-भाव और अंदाज ने लोगों का दिल जीत लिया। प्रियंका बेहद सादगी से आई और देवी का आशीर्वाद लिया। उनके वीडियो अब काफी वायरल है और उनके सादगी भरे लुक की भी काफी चर्चा हो रही है।

### भा गया प्रियंका का अंदाज

सामने आए वीडियो में प्रियंका चोपड़ा बैंगनी रंग के सूट में दिख रही हैं। हल्के मेकअप और कान में बड़े इयरिंग्स के साथ उन्होंने अपना लुक पूरा किया है। वो पंडाल के अंदर आते ही पूजा स्थल पर जाती हैं, पंडित जी और माता का आशीर्वाद लेती हैं। इस दौरान वो अपने सिर पर आंचल रखना नहीं भूलतीं, जैसे ही पंडित उन्हें तिलक लगाने लगते हैं वो झट से अपने सिर को कवर करती हैं। इस दौरान सिर में लगे सिंदूर ने भी लोगों का ध्यान खींचा है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद लोग उनके संस्कारों की तारीफ कर रहे हैं। विदेश में बसने और निक जोनस से शादी करने के बावजूद, प्रियंका भारतीय परंपराओं से गहराई से जुड़ी हुई नजर आईं। लोगों का कहना है कि इतने साल विदेश में रहने के बाद भी उन्होंने गरिमा और ईश्वर में अपनी श्रद्धा बनाए रखी है।


### बॉलीवुड में होगा प्रियंका का कमबैक

प्रियंका चोपड़ा हाल ही में में 'हेड्स ऑफ स्टेट'में नजर आई थीं। 2 जुलाई से ये अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा हैं। इसके अलावा प्रियंका बॉलीवुड में तगड़ी वापसी की तैयारी में हैं। वो जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगी। इसकी शूटिंग भी काफी हद तक पूरी हो चुकी है। फिल्म के पहले लुक का ऐलान है। अभी तक प्रियंका के रोल को लेकर कोई खास जानकारी सामने नहीं आई है।



## अमिताभ बच्चन का खास संदेश

# फिल्मों की तरह जिंदगी में भी अच्छाई की होती है जीत



दशहरा, जिसे विजयादशमी भी कहा जाता है, यह अच्छाई की बुराई पर जीत का प्रतीक भी है। रावण दहन की परंपरा और श्रीराम की विजय की गाथा हर साल हमें यही सिखाती है कि अंत में सत्य और धर्म की जीत होती है। इसी कड़ी में हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में कुछ ऐसी बातें लिखी जो न सिर्फ उनके जीवन के अनुभवों को दर्शाती हैं, बल्कि हमारे समाज और सिनेमा की सोच को भी गहराई से छूती हैं। अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा कि भारतीय सिनेमा की सबसे बड़ी खासियत यह है कि उसमें हमेशा 'न्यायपूर्ण अंत' होता है। हमारी फिल्मों में तीन घंटे के भीतर कहानी का क्लाइमेक्स आता है और अच्छाई की जीत होती है। वे मानते हैं कि यही वजह है कि हमारे दर्शक इन फिल्मों से इतना जुड़ाव महसूस करते हैं। बच्चन का कहना है कि यही न्यायपूर्ण अंत असल जिंदगी में भी हर कोई चाहता है। बुराई चाहे कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंत में जीत सच्चाई और अच्छाई की ही होती है।

# महिला विश्व कप में भारतीय टीम की जीत से शुरूआत

## श्रीलंका को हराया, दीप्ति का ऑलराउंड प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर भारतीय महिला टीम ने वनडे विश्व कप के पहले मैच में श्रीलंका को डकवर्थ लुईस नियम से 59 रनों से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीप्ति और अमनजोत कौर के अर्धशतकों की मदद से 47 ओवर में आठ विकेट पर 269 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम 45.4 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। दीप्ति ने बल्ले के बाद गेंद से भी दमदार प्रदर्शन किया और तीन विकेट झटके।





भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी में खेले गए इस मैच में बारिश ने भी खलल डाला और दो बार मैच को रोकना पड़ा। बारिश के कारण खेल रुकने के कारण मैच में दो बार ओवरों में कटौती की गई। बारिश के कारण खेल 48-48 ओवर का कराने का फैसला किया गया। इसके बाद इसमें एक ओवर की और कटौती की गई और मुकाबला 47-47 का हुआ। डीएलएस के जरिये लक्ष्य संशोधित किया गया और श्रीलंका टीम को 271 रन बनाने थे। हालांकि, दीप्ति की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से श्रीलंका लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। भारतीय महिला टीम ने इस तरह वनडे विश्व कप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा रन कप्तान चामरी अट्टापट्टू ने बनाए जिन्होंने 43 रनों की पारी खेली। वहीं, निलाक्षी डि सिल्वा ने 35, हर्षिता समरविक्रमा ने 29 और अचिनी कुलासूर्या ने 17 रन बनाए। श्रीलंका टीम ने शुरूआत अच्छी की थी, लेकिन पहला झटका लगने के बाद ही उसकी लय गड़बड़ा गई और भारतीय गेंदबाजों ने श्रीलंका को दबाव में डालने का कोई मौका नहीं छोड़ा। भारत की ओर से दीप्ति के अलावा स्नेह राणा और श्री चरनी ने दो-दो विकेट लिए, जबकि क्रांति गौड़, अमनजोत कौर और प्रतिका रावल को एक-एक विकेट मिला।

### दीप्ति-अमनजोत की शानदार साझेदारी

इससे पहले, श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। भारत ने दीप्ति शर्मा और अमनजोत कौर के अर्धशतकों की मदद से श्रीलंका के सामने महिला वनडे विश्व कप के मुकाबले में चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। भारत के लिए अमनजोत ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि दीप्ति ने 53 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने स्मृति मंधाना का विकेट जल्द ही गंवा दिया जो आठ रन बनाकर हुईं।



# किंग्स ऑफ पंजाब ने सात विकेट से मराठा प्रीमियर लीग की ट्रॉफी जीती

- डे-नाईट मराठा प्रीमियर लीग 2025 में विजेता को 75 हजार व उपविजेता को 50 हजार रुपए दिए ईनाम




एनएनआई

**आगरा।** दुधिया रौशनी में बिचपुरी रोड स्थित अवंतीबाई लोधी क्रिकेट स्टेडियम पर छत्रपति शिवजी महाराज युवा समिति की ओर से आयोजित डे-नाईट मराठा प्रीमियर लीग 2025 जमकर चौके-छक्को की बरसात हुई। टूनामेंट में देर रात सोमवार को सेमीफाइनल और फाइनल के मैच खेले गए। मराठा समाज की ओर से आयोजित टूनामेंट का मराठी चांदी कारोबारियों में क्रिकेट का लुफ्त उठाया। टूनामेंट मे सेमीफाइनल में खेले गए मैचों मे पहले मुकाबले में वीर मराठा ने जेएमसीसी जयपुर को आठ विकेट से तथा किंग्स ऑफ पंजाब ने श्री गणेश जोधपुर की टीम को आठ विकेटो से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच वीर मराठा और किंग्स ऑफ पंजाब के बीच खेला गया। वीर मराठा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और निर्धारित छह ओवर में 7 विकेट खोकर 50 रन बनाये। जिसमे विक्रम मोर के 27 और विनायक पाटिल ने 10 रन की पारी खेल कर रनो का योगदान दिया। किंग्स ऑफ पंजाब की टीम से गेंदबाजी करने आये नीलेश और शुभम पाटिल ने 2-2 विकेट लिया। 51 रनों के लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी किंग्स ऑफ पंजाब ने 4.3 ओवर में 51 बना कर सात विकटो से फाइनल मैच को अपने नाम किया। जिसमे बापू दुपाडे ने 20 व लक्की (नाबाद) ने 12 रन का योगदान दिया। वही, वीर मराठा की ओर से शुभम पाटिल ने 4 और नीलेश ने एक विकेट लिया। फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच व बेस्ट बोलर शुभम पाटिल और बेस्ट बेट्समैन बापू दुपाडे को मिला।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय मराठी व्यापार एसोशिएशन के संस्थापक अनिल पाटिल, मराठी समाज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उमेश पाटिल और हिन्द केसरी संतोष आंबा बेताळ ने विजेता टीम किंग्स ऑफ पंजाब को 75 हजार रुपए की राशि, उपविजेता रही वीर मराठा को 50 हजार रुपए और तृतीया विजेता रही जेएमसीसी जयपुर की टीम को 25,000 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आयोजक चंद्रकांत पाटिल, सर्जेराव देशमुख, विलास पवार, हितेश निकम, लालासो महिंद, सोमनाथ मोरे, अशोक जादोव, शरद नालोरे, विवेक गुप्ता, विनोद पोल, विक्रम मोरे, नितेश मोरे, राहुल सपका, राहुल निकम, संजय पवार, राजू यादव, नागेश, तेजस, अतुल, सुशिल आदि मौजूद रहे।

## बुधवार, 01 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के जातको के लिए आज का दिन परेशानियों को दूर करने वाला रहेगा। संतान के भविष्य से जुड़ा कोई शुभ समाचार सुनने को मिलेगा। आपकी राशि से नवम उपरांत दशम भाव में चंद्रमा के गोचर से आपको मित्रों से सहयोग भी आज मिल रहा है।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि दिन का दूसरा भाग आपके लिए अधिक अच्छा रहेगा। चंद्रमा अष्टम उपरांत नवम में पहुंचकर आपको भाग्य का लाभ दिलाएंगे। कारोबार में आप लाभ अर्जित कर पाएंगे। किसी रिश्ते को लेकर कोई विवाद चल रहा था तो वह आज समाप्त होता नजर आ रहा है।

मिथुन राशि के लिए आज का दिन शुभ है। राशि स्वामी बुध आज कन्या राशि में उदित होकर गोचर कर रहे हैं। ऐस मैं आज आपकी मुलाकात कुछ पुराने मित्रों से हो सकती है। आपके लिए भाग्य लाभ का संयोग बनाएगा। बच्चों के साथ आप आज मनोरंजक समय बिताएंगे।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। दिन के दूसरे भाग में चंद्रमा मकर राशि में आकर आपकी राशि पर दृष्टि डालेंगे जिससे सुख और लाभ का संयोग बनेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति का मार्गदर्शन आपको लाभ प्रदान करेगा। आपके कार्यक्षेत्र मे आज कुछ सकारात्मक परिवर्तन होगा।

सिंह राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आपको आज आर्थिक मामलों में सतर्क रहना होगा। चंद्रमा का गोचर छठे भाव में होने से आपको विरोधी और शत्रुओं से भी सतर्क रहना होगा। आपका खर्च भी आज बढ़ सकता है।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक होगा। आपको आज परिवार के साथ मनोरंजक समय बिताने का मौका मिलेगा। आपकी राशि में आज राशि स्वामी बुध का उदय हुआ है जो आपको कारोबार और कमाई में भी लाभ दिलाएगा।

तुला राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, नौकरी और व्यापार करने वाले जातकों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। नौकरी और व्यापार आपकी साख बढ़ेगी। आपको आज किसी अप्रत्याशित खबर से हैरानी होगी। आज आपके सभी काम समय पर बनते नजर आएंगे जिससे मन में प्रसन्नता की अनुभूति होगी।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहने वाला है। आपकी राशि से आज चंद्रमा द्वितीय उपरांत तृतीय भाव से गोचर करेंगे। ऐसे में आपके लिए भाग्य उन्नति का संयोग बनाएगा। आपके सितारे बताते हैं कि, आपको किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलेगा।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन धार्मिक कार्यो में व्यतीत होगा। किसी वरिष्ठ और प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का आपको आज मौका मिलेगा। वैसे आज किसी कारण से आपकी व्यस्तता भी बनी रहेगी। आपके सितारे यह भी कहते हैं कि आज आप समय प्रबंधन से सफलता प्राप्त कर पाएंगे।

मकर राशि के जातको के लिए आज का दिन प्रेम और आनंद से परिपूर्ण रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। आज शाम के समय आप अपने जीवन साथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। पारिवारिक व्यवसाय के लिए जीवनसाथी की सलाह कारगर साबित होगी।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आपके लिए सलाह है कि बेवजह की शंकाओं और वाद विवाद से आपको बचना होगा। अन्यथा आपके धन और समय दोनों का नुकसान होगा। आज आपको लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे।

मीन राशि के जातको के लिए आज का दिन परिश्रम भरा रहेगा। आपको कोई मोर्चे पर काम करना होगा। छात्र आज शिक्षा में बेहतर कर पाएंगे। कारोबार में आपको आज कमाई बढ़ने से खुशी मिलेगी। आज किसी महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत होगी, जिससे भविष्य में आपको लाभ मिलेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# वेडिंग इंडस्ट्री के महाकुंभ की आगरा करेगा मेजबानी



- प्रदेश का पहला इंडियन वेडिंग इंडस्ट्री कॉन्क्लेव एंड एक्सपो 5-6 अक्टूबर को आगरा में होगा
- शादियों के लिए उत्तर प्रदेश बनेगा उत्तम प्रदेश, आईटीसी मुगल में हुआ आयोजन के पोस्टर का विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** ताजनगरी वेडिंग इंडस्ट्री के आयोजन की मेजबानी करेगी। आगामी 5 और 6 अक्टूबर को आईटीसी मुगल फतेहाबाद रोड में होने वाले इस आयोजन के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को वेडिंग इंडस्ट्री एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ने होटल हॉलिडे इन में किया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल रावी ने बताया कि यह आयोजन वेडिंग इंडस्ट्री के लिए ऐतिहासिक होगा। भारत का वेडिंग सेक्टर दूसरा सबसे बड़ा उद्योग बन चुका है। आगरा जैसे सांस्कृतिक शहर से यह आयोजन प्रदेश को वेडिंग डेस्टिनेशन हब बनाएगा। महासचिव संदीप उपाध्याय ने कहाकि आज शादियां एक उद्योग का रूप ले चुकी हैं। इसमें होटल्स, डेकोरेटर्स, कैटरिंग, गारमेंट्स, ज्वेलरी, मेकअप और फोटोग्राफी के क्षेत्र जुड़े हैं। कॉन्क्लेव का उद्देश्य सभी स्टेक होल्डर्स को एक मंच पर लाकर उन्हें अधिक सशक्त बनाना है। राजेश गोयल माना ने कहा कि कॉन्क्लेव के साथ लगने वाला एक्सपो आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा।

कॉन्क्लेव एंड एक्सपो के हॉस्पिटैलिटी सहयोगी आईटीसी मुगल से ज्योति चितकारा असिस्टेंट सेल्स मैनेजर ने कहाकियह गौरव की बात है कि उत्तर प्रदेश का पहला वेडिंग कॉन्क्लेव का आतिथ्य आईटीसी होटल कर रहा है। सौरभ सिंघल ने कहा कि ताजमहल, काशी, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ और अयोध्या जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक केंद्र उत्तर प्रदेश को तेजी से वेडिंग डेस्टिनेशन हब के रूप में स्थापित कर रहे हैं। विमल गोयल और पियूष सिंघल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारतीय वैवाहिक उद्योग को एक नई पहचान दिलाना है। इस मौके पर रिचा भदौरिया, निशांत जैन, सीपी चैधरी, सनी गुप्ता, स्वप्निल कुलश्रेष्ठा, कीर्ति कुलश्रेष्ठा, हर्ष सिसोदिया, संदीप सिकरवार, पुनीत अग्रवाल, राहुल कुशवाह, विष्णु शर्मा, कमल प्रीत सिंह शैंकी, पंकज गोयल, स्पर्श बंसल, निखिल गोयल, अरून सक्सेना, मयंक अग्रवाल, जीशान अली, संस्कार शर्मा, सोनू माहोर, अमित जैन और सारंग पालीवाल आदि उपस्थित रहे।

# बीमारियों की जांच और रोकथाम सम्बन्धी जानकारी दी

## एसएन मेडिकल कॉलेज में हुई एक दिवसीय कार्यशाला

एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कालेज के माइकोबायोलॉजी विभाग में सिंटिनल सर्विलांस साइट में एनओएचपीपीसीजेड के तभत मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, मेडिकल ऑफिसर, फिजिसियन, नर्सिंग ऑफिसर का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उत्घाटन कॉलेज के प्राचार्य और डीन डॉ. प्रशांत गुप्ता ने उप प्रधानाचार्य डॉ. टीपी सिंह, विभागाध्यक्ष माइकोबायोलॉजी डॉ. अंकुर गोयल, प्रभारी अधिकारी जूनोटिक लैब डॉ. विकास कुमार, विभागाध्यक्ष फोरेन्सिक डॉ. रिचा गुप्ता, विभागध्यक्ष कम्युनिटि मेडिसिन डॉ. रेनू अग्रवाल असोसियेट फोफेसर डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा शाक्य, की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जानवरों से फैलने वाली बीमारियों की जांच और रोकथान से संबंधित बिन्दुओं पर व्याख्यान दिया गया। स्वागत उद्बोधन विभागाध्यक्ष माइकोबायोलॉजी डॉ. अंकुर गोयल द्वारा दिया गया। सिंटिनल सर्विलांस साईट आगरा के प्रभारी अधिकारी डॉ. विकास कुमार कुमार द्वारा रोल ऑफ सिंटिनल सर्विलांस साईट की महत्वता पर व्याख्यान दिया गया।



डॉ. रेनू अग्रवाल, डॉ. आरती अग्रवाल, डॉ. प्रज्ञा शाक्य, डॉ. अजीत चाहर, डॉ. मनीष बन्सल, डॉ. उरवशी वर्मा द्वारा भी महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. उपेन्द्र कुमार डिप्पी सीएमओ आगरा, डॉ. ज्योती, डॉ. राखी, डॉ. अनकुल, डॉ. एसएन प्रजापति, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अशिष मित्तल, डॉ. सुदीप, डॉ. नीलम सिंह आदि ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर डॉ. आशिष, डॉ. हिमान्शी, डॉ. श्रुति, अंकुर सिंह, ऋषभ कुमार आदि मौजूद रहे।

# जाणता राजा महानाट्य की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

- 4 से 9 अक्टूबर तक होगा जाड़ता राजा महानाट्य का आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के तत्वावधान में 4 से 9 अक्टूबर तक कलाकृति कल्चर एंड कन्वेंशन ग्राउंड पर होने वाले महानाट्य जाणता राजा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। मंगलवार को जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।



इस दौरान जिलाधिकारी ने 2 लाख वर्ग फीट के चार मंजिला मंच का निर्माण कार्य देखा। 20 फीट ऊंची मां तुलजा भवानी की भव्य प्रतिमा और 55 फीट ऊंचा सेट मंच का केंद्र बिंदु होंगे। 10 हजार दर्शकों की क्षमता वाले मंच पर टिकटों की ऑनलाइन-ऑफलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। 50 हजार से अधिक दर्शकों के शामिल होने की अपेक्षा है। अधिकारियों ने मौसम या तकनीकी चुनौतियों से निपटने के इंतजामों पर भी संतोष जाहिर किया।

महानाट्य में 300 से अधिक कलाकारों की जोशीली टीम शिवाजी की गाथा को जीवंत करेगी। निरिक्षण अवसर पर कलाकारों को आगरा लाने, ठहरने तथा रिहर्सल के लिए की जा रही विशेष व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मराठा परिधानों, युद्ध दृश्यों, नृत्य-संगीत के साथ-साथ पशुओं (हाथी, घोड़े, ऊँट, बैलगाड़ियाँ) के लिए अलग-अलग इंतजाम सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। आयोजकों ने बताया कि ये व्यवस्थाएं मंच पर 17वीं सदी का यथार्थ चित्रण सुनिश्चित करेंगी। जिलाधिकारी ने चाक-चैबंद सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा दर्शक सुविधाओं पर विशेष निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम सिटी, एडीएम प्रोटोकाल एसीपी ट्रैफिक के अलावा दिव्य प्रेम सेवा मिशन के डॉ. आशीष गौतम भैय्या, डॉ. संजय चतुर्वेदी, ओमवीर सिंह, अभयपाल, अभिनव मौर्य, ललित शर्मा, गोविंद दुबे आदि भी मौजूद रहे।